दैनिक

# क्यूं न लिखूं सच

प्रातः कालीन

मुरादाबाद से प्रकाशित

बर्षः- 03
अंकः-335
मुरादाबाद
30 March 2024
(Saturday)
पृष्ठः-8
मूल्यः- 3.00 रूपया

भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड


## विपक्ष पर खूब गरजे सीएम योगी, बोले- पहले देश की हालत थी खराब, अब पीएम मोदी ने बदल दी तस्वीर

बिजनौर में सीएम योगी ने प्रबुद्ध लोगों को संबोधित करते हुए पिछली सरकारों पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा पहले देश की हालत बहुत खराब थी लेकिन, मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद देश की तस्वीर बदल गई है।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज शुक्रवार को बिजनौर दौरे पर हैं। बिजनौर के जेवीएम बैंक्वेट हॉल में सीएम योगी ने प्रबुद्ध लोगों को संबोधित करते हुए विपक्ष पर जमकर निशाना साधा।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रबुद्ध लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि बिजनौर लोकसभा से आरएलडी प्रत्याशी चंदन चौहान और नगीना सुरक्षित




सीट से प्रत्याशी ओम कुमार के लिए वोट के अपील करता हूं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महात्मा विदुर की धरती को नमन करते हुए कहा कि अबकी बार बिजनौर लोकसभा के प्रत्याशी चंदन चौहान के सिर पर जीत का चंदन जरूर लगना चाहिए। उन्होंने कहा कि ओम कुमार नहटोर से हमारे विधायक हैं। ओम कुमार जो कि नगीना लोकसभा सीट से लोकसभा के प्रत्याशी हैं। लगातार यह जनता के बीच में रहते हैं और इन्हें आप वोट देकर जिताने का काम करें। अभी नामांकन की प्रक्रिया संपन्न हुई है। हम लोग पहले चरण में प्रबुद्ध लोगों के बीच में जा रहे हैं। प्रबुद्ध लोगों के बीच में जाने के साथ युवाओं और जनसभाओं में भी हम जाएंगे मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रबुद्ध लोगों की बात पर जनता जनार्दन विश्वास करती है। इसलिए हमने सबसे पहले प्रबुद्ध लोगों से आशीर्वाद लेने का काम किया। मुख्यमंत्री ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि जब मैं बिजनौर को देखता हूं तो मुझे ऐसा लगता है कि जो बिजनौर के साथ न्याय होना चाहिए था वह अभी तक हुआ नहीं है। पहले लोग यह सोचते थे कि मुख्यमंत्री यहां पर दोबारा नहीं आएंगे, इसके बावजूद भी मैं यहां दोबारा आया। यहां पर विदुर कुटी जाकर मंदिर के दर्शन भी किए। सीएम योगी ने कहा कि बिजनौर जनपद में मैंने देखा है कि यहां बहुत कम संभावनाएं हैं, जिससे कि यहां की जनता का हित हो सकता है। हमारे जनप्रतिनिधि जो भी प्रस्ताव लाते थे, हमने उस पर काम किया। जब हमें मेडिकल कॉलेज के लिए कहा गया तो हमने तुरंत यहां पर मेडिकल कॉलेज देने का काम किया। बिजनौर सिर्फ बिजनौर नहीं है, बल्कि बिजनौर एक इतिहास की भूमि है। उन्होंने कहा कि महात्मा विदुर उसके अग्रिम पंक्ति के ऋषि मुनियों की परंपरा में आते हैं, जिन्होंने सत्य बोलने की प्रवृत्ति दिखाई थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैंने इसीलिए महात्मा विदुर के नाम पर इस मेडिकल कॉलेज का नाम रखा और यह मेडिकल कॉलेज अब बनकर कर तैयार हो चुका है। मैं आपसे कहना चाहता हूं कि आपके यहां पहले चरण में मतदान है। पहले आप मतदान करना और उसके बाद अन्य लोगों को भी मतदान करने के लिए जागरूक करना। अगर आपका वोट सही जगह जाएगा तो बिजनौर का विकास नहीं रुकेगा।कहा कि आपका वोट सही दिशा में गया तो आपको महात्मा विदुर जैसा मेडिकल कॉलेज मिला। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि चौधरी चरण सिंह को पहले ही भारत रत्न मिल जाना चाहिए था, लेकिन प्रधानमंत्री की अगवाई में पहली बार इस सरकार ने चौधरी चरण सिंह के सम्मान में किसानों के नेता को भारत रत्न देने का काम किया है। मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इस काम के लिए बहुत-बहुत बधाई देता हूं।मुख्यमंत्री ने कहा कि दुनिया के अंदर भारत की छवि बहुत खराब थी। विकास बंद पड़ा हुआ था और यहां पर भ्रष्टाचार फैला हुआ था। 2014 के बाद देश की सीमाएं सुरक्षित हुईं हैं। कश्मीर में धारा 370 समाप्त हो गई और अब एक देश में एक निशान के साथ-साथ एक संविधान बना है। अयोध्या में आस्था का सम्मान हुआ। जब सही हाथों में जनता का वोट जाता है तो ऐसे ही जनता का सम्मान होता है। आज एमएसपी से ज्यादा किसानों को धान का मूल्य मिल रहा है। आपने कांग्रेस और भाजपा के सहित सभी पार्टी के लोगों के भी कार्यकाल को देखा है।

## संक्षिप्त समाचार

### तृणमूल ने चुनाव आयोग को सौंपा ज्ञापन, कहा- सोरेन-केजरीवाल के बाद उनका निशाना बंगाल, उठाई ये मांग

टीएमसी नेता शशि पांजा ने कहा कि चुनाव से पहले झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जिस तरह से गिरफ्तार किया गया है, उससे तृणमूल कार्यकर्ता बहुत परेशान है। लोकसभा चुनाव होने में अब एक महीने से भी कम का समय रह गया है। सात चरण में होने वाले आम चुनाव के लिए 19 अप्रैल से मतदान शुरू होगा। इस बीच, तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के नेताओं ने सत्तारूढ़ भाजपा द्वारा केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए सोमवार को चुनाव आयोग का रुख किया और उसके हस्तक्षेप की मांग की। बताया जा रहा है कि उन्होंने चुनाव आयोग कार्यालय को एक ज्ञापन सौंपा है। साथ ही अपनी समस्याओं को रखने के लिए समय मांगा है।तृणमूल कांग्रेस के नेता सोमवार को मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों से मुलाकात कर उनकी चिंताओं से अवगत कराएंगे।हालात आयोग के नियंत्रण में-टीएमसी नेता शशि पांजा ने पत्रकारों से कहा, हमने चुनाव आयोग को एक ज्ञापन सौंपा है। हमें आयोग बातचीत के लिए सोमवार का समय देगा। हम आयोग के साथ लंबी बातचीत करेंगे और अपनी समस्याओं को सामने रखेंगे। चुनाव से पहले झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जिस तरह से गिरफ्तार किया गया है, उससे तृणमूल कार्यकर्ता बहुत परेशान हैं।

## मुख्तार का आखिरी ऑडियो: बेहोश हो जा रहा हूं, बाबू हम ठीक से बैठ नहीं पा रहे; अब नहीं बचूंगा...

माफिया मुख्तार अंसारी की मौत से पहले की ऑडियो वायरल हो रही है। ऑडियो में मुख्तार अपने परिवार से बात कर रहा है। ऑडियो में सुनिए कि मौत से पहले मुख्तार ने अपने परिवार के लोगों से क्या कह रहा है। करीब ढाई साल से बांदा जेल में बंद पूरब के माफिया मुख्तार अंसारी की गुरुवार देर रात हार्ट अटैक (कार्डिया अरेस्ट) से मौत हो गई। तीन दिनों से बीमार चल रहे जेल में बंद माफिया मुख्तार अंसारी की तबीयत बृहस्पतिवार रात अचानक फिर बिगड़ गई थी। इसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उनकी मौत के बाद से उनका एक ऑडियो वायरल हो रहा है जिसमें वह अपने परिवार से बात कर रहे हैं। इस ऑडियो से यह बात सामने आ रही है कि मुख्तार का स्वास्थ काफी समय से ठीक नहीं चल रहा था। परिवार के साथ हुई बातचीत का ऑडियो में सुना जा सकता है कि मौत से पहले मुख्तार ने अपने परिवार के लोगों से क्या कह रहा है। वायरल ऑडियो में मुख्तार ने अपने बेटे को कॉल करके कहा था कि वो 16 मार्च से रोजा नहीं रख पा रहा है। वह कहते हुए सुना जा सकता है कि



- बहुत ज्यादा परेशानी है, हम बैठ भी नहीं पा रहे हैं और बार-बार बेहोश हो जा रहे हैं। मुख्तार की बात सुनकर बेटे उमर अंसारी ने कहा कि मैंने आपको वीडियो में देखा है, आप बहुत ही ज्यादा कमजोर नजर आ रहे हैं। वायरल वीडियो मुख्तार की मौत से एक दो दिन पहले का बताया जा रहा है। इसमें मुख्तार अपनी खराब हालत के बारे में बता रहा है। बेटा उमर बोलता है- आप हिम्मत बनाए रखिए पापा। आपसे ज्यादा हिम्मत किसी के पास नहीं है। कुछ भी करके रोज बात कर लिया करिए। रमजान का पाक महीना है। इंशाअल्लाह हम लोग जल्द ही हज करेंगे। हम जल्द ही आपके लिए खजूर और जमजम लेकर आएंगे। सुनिए मुख्तार और उनके परिवार के बीच वायरल हुए ऑडियो को हार्ट अटैक से माफिया मुख्तार अंसारी की मौत- आपको बता दें कि माफिया मुख्तार अंसारी की गुरुवार देर रात हार्ट अटैक (कार्डिया अरेस्ट) से मौत हो गई।

मुख्तार को मौत से करीब तीन घंटे पहले ही इलाज के लिए मंडलीय कारागार से मेडिकल कॉलेज लाया गया था। जहां नौ डॉक्टरों की टीम उसके इलाज में जुटी थी। रात करीब साढ़े दस प्रशासन ने मुख्तार की मौत की सूचना सार्वजनिक की। तब तक मुख्तार के परिवार का कोई सदस्य मेडिकल कॉलेज नहीं पहुंचा था। गुरुवार शाम करीब साढ़े छह बजे मुख्तार की जेल में तबीयत बिगड़ी थी। इसके बाद प्रशासन के अधिकारी मौतके पर पहुंचे और करीब साढ़े आठ बजे के आसपास उसे मेडिकल कॉलेज लाया गया था। जहां दो घंटे तक उसका इलाज चला। उसे आईसीयू से सीसीयू में शिफ्ट किया गया। जहां रात साढ़े दस बजे के आसपास उसकी मौत हो गई। तीन दिनों से बीमार चल रहे जेल में बंद माफिया मुख्तार अंसारी की तबीयत बृहस्पतिवार रात अचानक फिर बिगड़ गई। सूचना मिलते ही जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी अंकुर अग्रवाल कई थानों की पुलिस फोर्स के साथ मंडलीय कारागार पहुंचे। करीब 40 मिनट तक अधिकारी जेल के भीतर रहे। इसके बाद मुख्तार को एंबुलेंस से दोबारा मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। बताया जा रहा है कि मुख्तार को दिल का दौरा पड़ा है। रात में अस्पताल में उसका निधन हो गया। दो दिन पहले 26 मार्च को मुख्तार ने जेल प्रशासन से पेट में दर्द की शिकायत की थी। इसके बाद उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था। जहां डॉक्टरों ने ज्यादा खाने (ओवरईटिंग) व कब्ज का इलाज किया गया और 14 घंटे बाद उसी दिन देर शाम उसे वापस मंडलीय कारागार भेज दिया गया था। इधर, गुरुवार शाम साढ़े सात बजे के आसपास अचानक मुख्तार की तबीयत बिगड़ने पर प्रशासन ने आनन-फानन उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। मुख्तार के स्थानीय अधिवक्ता नसीम हैदर ने बताया कि मुख्तार को हार्ट अटैक पड़ने की आशंका है।

## बिल गेट्स ने की भारत की डिजिटल सरकार की तारीफ, पीएम मोदी ने एआई पर रखा अपना नजरिया

प्रधानमंत्री ने इस बैठक के दौरान कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था लगातार बढ़ रही है पूरा देश डिजिटल क्रांति को अपना चुका है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि कोरोनाकाल में भारत में कोविन एप के जरिए लोग ऑनलाइन ही वैक्सिनेशन के लिए बुकिंग करते थे और खुद ही समय लेते थे।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स से अपने आवास पर मुलाकात की। दोनों के बीच इस बैठक में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से लेकर डिजिटल पेमेंट्स तक के मुद्दे पर बात की। चर्चा के दौरान प्रधानमंत्री ने अपनी सरकार की लखपति दीदी योजना से लेकर स्वास्थ्य और कृषि क्षेत्र तक में बदलाव से बिल गेट्स को अवगत कराया। इस दौरान गेट्स ने भारत की डिजिटल सरकार की तारीफ भी की और पीएम मोदी को इस क्रांति के लिए बधाई दी।प्रधानमंत्री ने इस बैठक के दौरान कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था लगातार बढ़ रही है पूरा देश डिजिटल क्रांति को अपना चुका है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि कोरोनाकाल में भारत में कोविन एप के जरिए




लोग ऑनलाइन ही वैक्सिनेशन के लिए बुकिंग करते थे और खुद ही समय लेते थे। इससे डिजिटल क्षेत्र ने कोरोना के समय में लोगों का काम आसान कर दिया। पीएम मोदी ने आगे भारत की डिजिटल क्रांति के बारे में बताते हुए कहा, 卐देश के गांवों में दो लाख आयुष्मान आरोग्य मंदिर बनवाएं हैं। इन स्वास्थ्य केंद्रों को मैंने मॉर्डन टेक्नोलॉजी से सर्वश्रेष्ठ अस्पतालों के साथ जोड़ दिया है। पीएम ने बताया कि कृषि को आधुनिक और वैज्ञानिक बनाने की जरूरत है। उसी लिए हमने ड्रोन दीदी योजना चलाई और ये सफलतापूर्वक चल रही हैं। एआई पर क्या बोले पीएम मोदी?- चर्चा के दौरान पीएम मोदी ने कहा कि एआई के दुरुपयोग की संभावनाएं तब और बढ़ जाती हैं, जब बिना प्रशिक्षण के यह किसी को सौंपी जाती है। प्रधानमंत्री ने सुझाव दिया कि एआई-जनित सामग्री पर स्पष्ट वॉटरमार्क के साथ शुरुआत करनी चाहिए। ताकि कोई भी इसका दुरुपयोग न कर सकेविविधता से एकता दर्शाने के लिए बनवाया स्टैच्यू ऑफ यूनिटी- मैंने हिंदुस्तान के 6 लाख गांवों के किसानों से लोहे के टुकड़े इकट्ठे किए, उन्हें पिघलाया और उनका स्टैच्यू में उपयोग किया है। मैं हर गांव से मिट्टी लाया, उस मिट्टी से मैंने एक यूनिटी वॉल बनाई है। हिंदुस्तान के 6 लाख गांवों की मिट्टी उसमें है। उसके पीछे हमारी एकता की भावना है। हमने इतने बड़े देश की विविधताओं के बीच में एकता कैसे बना ली, उसे दर्शाने के लिए मैंने स्टैच्यू ऑफ यूनिटी का निर्माण किया। ये दुनिया का सबसे ऊंचा स्टैच्यू है जिसे कम से कम समय में बनाया गया है।

## पहली बार मीडिया के सामने आए मुख्तार के बड़े भाई सिबकतुल्लाह अंसारी

मुख्तार अंसारी की गुरुवार रात दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। वह बीते कुछ दिन से बीमार था और इसका इलाज बांदा मेडिकल कॉलेज से चल रहा था। मख्तार की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। मुख्तार अंसारी की मौत को लेकर गाजीपुर जिले में हर तरफ सन्नाटा पसरा है। आवास के बाहर काफी संख्या में लोगों की भीड़ पहुंच रही है। वहीं मुख्तार अंसारी के बड़े भाई सिबकतुल्लाह अंसारी पहली बार माडिया के समक्ष आए हैं। उन्होंने कहा है कि अभी कोई सूचना नहीं है कि मुख्तार के शव का पोस्टमार्टम कब होगा, कब शव मिलेगा। उन्होंने कहा जो पहले से शक था वही हुआ। बताया कि



अफजाल अंसारी भी अस्वस्थ हैं। मुख्तार अंसारी की गुरुवार रात दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। वह बीते कुछ दिन से बीमार था और इसका इलाज बांदा मेडिकल कॉलेज से चल रहा था। गुरुवार को जेल की बैरक में उसकी तबीयत खराब होने पर जेल प्रशासन रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज ले आया। सूचना मिली कि मुख्तार को आईसीयू से सीसीयू में भर्ती करना पड़ा। मुख्तार के इलाज में नौ डॉक्टरों की टीम लगाई गई थी। लेकिन उसकी जान नहीं बचाई जा सकी।

## संपादकीय Editorial

# In favor of BJP

The plants are uprooted from the ground again. Himachal's politics is doubtful about who has given a blow to whom, who is giving a blow and who will be able to give a blow. The BJP is constantly taking pains to unsettle the majority of the BJP, in a bid to surprise the Congress. Is such a thing turning the context of politics upside down or is there a danger of overconfidence in the list of decisions. First BJP has broken many queues by fielding Kangana from Mandi and Dr. Rajeev Bhardwaj from Kangra, now rebel MLAs of Congress were appointed till yesterday and have become BJP candidates, caressing the cheeks of the upcoming by-elections. All the six former Congress MLAs want to shape such a future in the clutches of BJP, which will result in the enmity of past and present. How widespread this decision is can be gauged from the disappointment over the welcome of the poor guests. First the question is to digest, then to take it forward. It is not that there will be any shortage in the hospitality of BJP, but the vegetable on the stove is complaining. The amazing thing is that the density of affinity of BJP adopting six out of six former Congress MLAs has deep secrets. It may be difficult to say exactly for whom this France brings about a complete revolution, but the magic of Dalbal is definitely making headway.

The challenge of becoming adept in the new Sangat is from Devendra Kumar Bhutto, Chaitanya Sharma, Ravi Kumar, Indradutt Lakhan Pal, Rajindra Rana to Sudhir Sharma, and the biggest reason behind this is the clanging within the BJP. There is something in your Madina, otherwise why would people complain on their knees. Social media is solving the apprehensions that the market was feeling due to Kangana Ranaut's arrival. The politics swirling in Kangana vs Supriya Shrinet controversy is telling that if the candidate has been given, BJP has also made the arrangements. Similarly, when former Congress MLAs are contesting the by-elections, arrangements have been made to sweep brooms inside and outside the house. Had it not been just a one-on-one election, the ruling Congress in Himachal would not have lost the Rajya Sabha seat, but this time there will be big business and calculations in the election mix-up. Congress has to calculate who it should field on the seats vacated by its own MLAs. On the other hand, how can BJP show its political business and keep the house calm and disturb the Congress neighborhood? By raising the question of women's identity in the name of Kangana Ranaut in Mandi seat, BJP has shown the range of its Chakravyuh. Even though the old horses of the party are warning of a stampede, new ones are running in the stable of BJP. After all, the by-elections will be weighed in the eyes of whose government the people are thinking of coming to power at the Centre.

If murmurs of change are heard in Delhi, then by-elections will be held to change the direction of Sukhu, otherwise these by-elections will tell the mood of Himachal. Initially Congress has to win just one step in the manipulation of figures, but it also remains to be seen how much the increasing burden of the other party will add to the wounds. Needless to say, BJP can again make Congress dance in its habit of siege, but this time the ruckus within the house will also have to be kept under control. Certainly the rebel Congress MLAs are not so light that they will simply become zero in their circles. He just has to explain the reason why he was sidelined because of his own government. They have not only disputes against the government but also movements related to public expectations. These anti-by-elections can also prove to be a collection of issues to boast about one and a half year old government.

# 12 out of 25 states of the first general election which are no longer

In 1949, Bhopal State was merged into the Union of India and in 1956, Bhopal became part of the newly formed state of Madhya Pradesh. The country's first general elections were held in this state also. Till 1951, Bhopal state included areas like Bhopal city, Berasia, Sehore, Raisen, Hoshangabad, Itarsi, Narsinghgarh, Rajgarh, Vidisha and Sironj etc. The eighteenth general election of republican India is being held in 36 states and union territories of the country. Of which 29 are complete states and the remaining are union territories. But once the administrative structure of India was a little different. There were 10 Part-A, 8 Part-B, 9 Part-C and one Part-D states. Of these, 12 states no longer exist. Ajmer which merged with Rajasthan - Ajmer state was once a state of India whose capital was Ajmer city. It was founded in the 7th century and was ruled by the Chauhan dynasty. Later it came under the control of the Mughal Empire and then the Marathas. After India gained independence in 1947, Ajmer State joined the Union of India. In 1950 it became part of Rajasthan state. This state participated in the general elections of 1951-52. Bhopal which became Madhya Pradesh - Before independence, Bhopal State was a princely state in India which existed from 1723 to 1949, whose capital was Bhopal city. It was founded by Dost Mohammad Khan, an Afghan commander, and was ruled by the descendants of his dynasty, the Nawabs of Bhopal. In 1947, during the partition of India, the princely states were given the option of joining India or Pakistan. At that time, Nawab Hamidullah Khan of Bhopal decided to join India. In 1949, Bhopal state was merged into the Union of India and in 1956, Bhopal became part of the newly formed state of Madhya Pradesh. The country's first general elections were held in this state also. Till 1951, Bhopal state had areas like Bhopal city, Berasia, Sehore, Raisen, Hoshangabad, Itarsi, Narsinghgarh, Rajgarh, Vidisha and Sironj. Parts of Bombay found in different states - Bombay State was a state of India, which existed from 1950 to 1960. It was formed by merging the territories of the Bombay Presidency with the princely states of the Western Region. Till 1957, Bombay State went through many changes. Bombay State was formed on 1 May 1950 under the States Reorganization Act 1956, which reorganized the states on linguistic lines. This state included the areas of the former Bombay Presidency, which included present-day Maharashtra, Gujarat and parts of Madhya Pradesh, Chhattisgarh and Karnataka. Coorg was also a state which is now a district of Karnataka - apart from historians, Coorg state will hardly be safe in the minds of Indians. The state, like some states like Himachal Pradesh, was a Part-C state of India that existed from 1950 to 1956. When the Constitution of India came into force on 26 January 1950, most of the existing provinces were reorganized into states and Coorg Province became Coorg State. Coorg State was ruled by a Chief Commissioner and Markara was its capital. Coorg State was abolished and its territory merged into Mysore State (later renamed Karnataka in 1973) on 1 November 1956 in accordance with the States Reorganization Act, 1956. Presently, Coorg is a district of Karnataka state. Hyderabad, which was once a Part-B state, was also a princely state in India that existed from 1724 to 1948. It was ruled by Nizams. It was the largest princely state of India and was known for its cultural and linguistic diversity. It was the largest princely state of India in terms of area. It had an area of approximately 214,190 square kilometers (82,865 sq mi). It was located in the south-central part of the Indian subcontinent. When the States were reorganized on a linguistic basis in the States Reorganization Act of 1956, the Telugu-speaking parts of Hyderabad State were merged with Andhra State to form Andhra Pradesh, while the Marathi-speaking areas were merged with Bombay State, and the Kannada-speaking areas were merged into Andhra Pradesh. Became part of Mysore State (now Karnataka). The last general elections as a state were held here in 1951. Central India, which merged into Madhya Pradesh, was a state named Madhya Bharat till 1956. Which was also known as Malwa Sangha. It was created on 28 May 1948 by the merger of twenty-five princely states. The area of the union was 120,380 square km. Gwalior was its winter capital and Indore its summer capital. It was bordered by Bombay to the south-west, Rajasthan to the north-west, Uttar Pradesh to the north and Vindhya Pradesh to the east and the states of Bhopal and Madhya Pradesh to the south-east. On 1 November 1956, Madhya Bharat, along with Vindhya Pradesh and Bhopal State, was merged into Madhya Pradesh. Mysore, which became Karnataka after reorganization – The princely state of Mysore was one of the three largest princely states of British India. After India's independence in 1947, it merged with the Indian Union on 15 August 1947. The territories of the erstwhile princely state of Mysore were then reorganized into a single state within the union. Following the reorganization of states in 1956, Mysore State was expanded to include Bombay Presidency, Madras Presidency and the princely states of Coorg and parts of Hyderabad and was renamed Karnataka in 1973. General elections were held in this state till 1967. Four general elections were held in Madras State - The erstwhile Madras State, also known as Madras Presidency, was established 1 It was established in 1653 and was one of the longest-lived British colonial entities in India, lasting until 1947. After India gained independence, Madras State existed until 1956 when it was reorganized on linguistic lines. It was one of the first states to be formed on the basis of linguistic identity, with Tamil as its primary language. In 1956, as part of the States Reorganization Act, Madras State was reorganized to form the states of Andhra Pradesh, Karnataka and Kerala as well as the Union Territory of Puducherry, leading to the formation of present-day Tamil Nadu. Four general elections were held in this region known as Madras State from 1951 to 1967. PEPSU was a separate state from Punjab -Patiala and East Punjab State Union (PEPSU) was a part of Punjab under the British, which remained a province of India from 1948 to 1956. It was made up of eight districts: Patiala, Jind, Nabha, Faridkot, Kalasia, Malerkotla, Kapurthala and Nalagarh. After the general elections of 1951, its assembly elections were also held in 1954 under the name of Pepsu State. Saurashtra was merged into Bombay State - Saurashtra State was a state in Western India which existed from 1948 to 1956. It was formed from the former princely states of Saurashtra, which were located on the Kathiawar peninsula in present-day Gujarat state. Rajkot was the capital of Saurashtra state. The state was merged into Bombay State in 1956 following the States Reorganization Act of 1956. This area became part of Gujarat after its formation in 1960. The first and last general elections were held in Saurashtra after independence in 1951-52. Saurashtra also became a part of Kerala in the reorganization of 1956. Travancore was a major princely state in southern India that existed from 1729 to 1949. It was located in the southern part of present-day Kerala and parts of Tamil Nadu. The capital of Travancore was Thiruvananthapuram (Trivandrum). The state was ruled by the Travancore royal family who, in 1947, annexed Travancore to the Indian Union. After India's independence, Travancore-Cochin state was formed along with parts of Cochin and Malabar. Later in 1956 it was merged with Malabar district of Madras state to form Kerala state. Vindhya was also merged into Madhya Pradesh - Vindhya Pradesh existed as a state of Central India from 1948 to 1956. It was formed by the merger of several princely states in the Vindhya region. The capital of Vindhya Pradesh was Rewa. In 1956, Vindhya Pradesh was merged into the state of Madhya Pradesh in accordance with the States Reorganization Act. Here also the first and last general elections as a state were held in 1951-52.

# Disciple Abhishek Sharma on the path of Guru Yuvraj Singh

Abhishek Sharma gave another proof of his ability by scoring a half century in 16 balls against Mumbai Indians. However, he fell just short of Guru Yuvraj Singh's record of half-century off 12 balls in the first T20 World Cup. Like the Guru, like the disciple... This thing fits well with Sunrisers Hyderabad's new star Abhishek Sharma. Young cricketer Abhishek Sharma considers former Indian all-rounder and great cricketer Yuvraj Singh as his guru. Like Yuvraj Singh, Abhishek Sharma also comes from Punjab. Abhishek Sharma gave another proof of his ability by scoring a half century in 16 balls against Mumbai Indians. However, Guru fell just short of Yuvraj Singh's record of half-century off 12 balls in the first T20 World Cup. Abhishek Sharma's father Rajkumar Sharma, born on 4 September 2000 in Amritsar, has also been a cricketer. It was his father's ambition that inspired Abhishek to enter the cricket field. Father used to make Abhishek practice in the local sports club and he used to compete with local teams. Abhishek has studied from Delhi Public School, Amritsar and was also a topper in studies. He scored 80 percent marks in class 10 board exam. Abhishek Sharma has also studied from GD Goenka University. Abhishek Sharma took 57 wickets for Punjab in the Under-16 Vijay Merchant Trophy in the year 2015-16. Abhishek also captained India in the Under-19 Asia Cup. In the Indian Premier League (IPL) in the year 2018, Delhi Daredevils bought Abhishek for Rs 55 lakh. In his very first IPL match, Abhishek had played an inning of 46 runs in 19 balls and had made his intentions known. Sunrisers Hyderabad scored the highest score of 277 runs in the history of Indian Premier League against Mumbai Indians. Man of the match Abhishek Sharma played a brilliant inning of 63 runs in 23 balls, which included seven sixes and three fours. Just half an hour before Abhishek, his teammate Travis Head had created a new record for his team by scoring a half century in 18 balls, but this record remained just a few minutes ahead of Abhishek. However, the fastest half century of IPL is in the name of Yashasvi Jaiswal of Rajasthan Royals, who did this miracle in 13 balls. At second place are KL Rahul and Pete Cummins, who have scored half centuries in 14 balls, while Yusuf Pathan, Sunil Narine and Nicholas Pooran have scored half centuries in 15 balls. Abhishek Sharma has played 90 T-20 matches so far and scored 2282 runs. His maximum score is 112 runs. Abhishek Guru bowls spin like Yuvraj. He has taken 30 wickets in T-20. In times of crisis, captains look to Abhishek for bowling. Abhishek Sharma has forced the selectors of Team India to ignore him the next time they select the team.

# मुरादाबाद प्रत्याशी रुचि वीरा अपने समर्थ के साथ लालबाग काली माता मंदिर पहुंची

क्यूँ न लिखूँ सच

यूसुफ- समाजवादी पार्टी लोकसभा 6 मुरादाबाद की प्रत्याशी कुंवरानी रूचि वीरा ने आज श्री सिद्ध पीठ काली माता मंदिर लाल बाग मे अपने समर्थकों के साथ माँ काली को चुनरी चढाई और माँ का आशीर्वाद लेकर अपने प्रचार अभियान का श्री गणेश किया उसके पश्चात् शहर इमाम मासूम अली आजाद एवं नायब शहर इमाम से आशीर्वाद ग्रहण कर लालबाग स्थित गुरुद्वारा मे अपने समर्थको के साथ मत्था टेका खाटू श्याम मंदिर में दर्शन कर महाराज जी का आशीर्वाद बाद लिया सभी लोगों जय माता दी

की जयकारा लगा जय जय कार की और सभी लोगो से समर्थन की अपील की साथ में पूर्व जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव पूर्व अध्यक्ष शाने अली शानू अमित गुप्ता धर्मेंद्र यादव मनोज यादव नरेश श्रीमाली मोहन यादव अब्दुल गनी सलामत अली तारिक बॉबी हारून पाशा बदुद खां शोभित अग्रवाल मौलाना शारिक थे





# मुरादाबाद लोकसभा सीट : आज तक किसी भी महिला को नहीं मिला प्रतिनिधित्व करने का मौका

**◆ इस बार समाजवादी पार्टी ने महिला प्रत्याशी रुचि वीरा को मैदान में उतरा, 2014 में रामपुर की बेगम नूर बानो मुरादाबाद से आजमा चुकी हैं किस्मत**

मुरादाबाद - जनपद में 19 अप्रैल को पहले चरण में मतदान होना है। जिसके लिए सभी राजनीतिक दल जोर-जोर से जुटें हैं। भारतीय जनता पार्टी, समाजवादी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी और ऑल इंडिया मजलिस-ए- इत्तेहदुल मुस्लेमीन समेत अन्य प्रत्याशियों ने भी अपना नामांकन करा लिया है। जिसमें सपा से महिला प्रत्याशी मैदान में हैं। लेकिन अब तक हुए चुनावों में मुरादाबाद सीट से किसी भी महिला को प्रतिनिधित्व करने का मौका नहीं मिला है। जबकि यहां रहने वाली आधी आबादी ही निर्णायक है। उसके बाद भी मुरादाबाद से आज तक महिला सांसद नहीं बन पाई है। मुरादाबाद लोकसभा सीट पर पहला चुनाव 1952 में हुआ था। इस सीट पर अब तक हुए 17 चुनावों में बसपा को छोड़कर लगभग सभी प्रमुख दलों के प्रत्याशी जीतकर संसद पहुंचे हैं। जिसमें कांग्रेस, जनसंघ, जनता पार्टी, जनता दल, सपा, अखिल भारतीय लोकतांत्रिक कांग्रेस और भाजपा के अलावा निर्दलीय उम्मीदवार शामिल हैं। इस सीट पर सबसे अधिक चार बार हाजी गुलाम मोहम्मद जीतकर सांसद बने हैं। उन्होंने दो बार जनता पार्टी और दो बार जनता दल के टिकट पर जीत हासिल की थी। जबकि सपा के टिकट पर तीन बार डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क ने जीत दर्ज की थी। इसके अलावा रामसरन ने दो बार और हाफिज मोहम्मद सिद्दीक ने एक बार जीत हासिल की थी। लेकिन इस सीट पर अभी तक महिला उम्मीदवारों को जीत नहीं मिली है। यहां महिला उम्मीदवारों को अभी जीत का इंतजार है। वैसे तो हर बार लोकतंत्र के उत्सव में महिला मतदाताओं पर सबकी नजर रहती है। उनके वोट के लिए राजनीतिक दलों की ओर से कई वादे भी किए जाते हैं। लेकिन जब उनको राजनीति में हिस्सेदारी देने की बात आती है तो सभी पीछे हट जाते हैं। यही वजह है कि अब तक के लोकसभा चुनावों में मुरादाबाद लोकसभा सीट से किसी भी महिला को प्रतिनिधित्व करने का मौका नहीं मिला है। लेकिन 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए अभी तक प्रमुख राजनीतिक दलों की ओर से जो प्रत्याशी घोषित किए गए हैं, उसमें सपा ने ही महिला प्रत्याशी को मैदान में उतारा है। अब मुरादाबाद की जनता 19 अप्रैल को इसका फैसला करेगी कि इस बार लोकसभा सीट का प्रतिनिधित्व कौन करेगा।

# बिजली व्यवस्था के दावे धराशायी, उपकरण बदलने के बाद भी नहीं रुका फाल्ट होने का सिलसिला

मुरादाबाद - गर्मी का बढ़ता तापमान बिजली विभाग के लिए मुसीबत की जड़ बनता नजर आ रहा है। गर्मी की शुरुआत में बिजली विभाग के उपकरण में फाल्ट होने से शुरू हो गए हैं। जिससे महानगर में लगातार बिजली गुल रहने लगी है। गुरुवार की रात को हीट होने से कहीं तारों में आग लग गई तो कहीं ट्रांसफार्मर के फ्यूज उड़ गए। इससे महानगर के 6 मोहल्लों में रहने वाले सात हजार से अधिक उपभोक्ताओं को सुबह दस बजे तक बिजली कटौती का दंश झेलना पड़ा। रात से ही स्थानीय लोगों के अनुसार उनके द्वारा मिलाए गए फोन किसी कर्मचारी ने नहीं उठाया। बिजली विभाग के आलाअधिकारियों के बेहतर बिजली व्यवस्था के दावे धराशायी होते नजर आ रहे हैं। करोड़ों रुपये के पहले से अधिक क्षमता वाले उपकरण बदलने के बाद भी व्यवस्था ज्यों की त्यों है। गर्मी में तापमान बढ़ने से गुरुवार की रात को महानगर के अमरोहा गेट, बर्तन बाजार, के ट्रांसफार्मर के रात एक बजे फ्यूज उड़ गए। जिससे अमरोहा गेट,से लेकर बर्तन बाजार असालतपुरा आंशिक क्षेत्र रहे रहने वाले 2800 उपभोक्ताओं की आपूर्ति सुबह 9 बजे तक बाधित रही। अमरोहा गेट के रहने वाले अभिषेक रस्तोगी ने बताया की रात दो बजे एसडीओ और लाइनमैन को फोन मिलाया लेकिन किसी फोन नहीं उठाया। वहीं मंडी चौक विद्युत उपकेंद्र से जुड़े मोहल्ला कंबल का ताजिया में रखा ट्रांसफार्मर में रात 2 बजे तेज धमाके के साथ फाल्ट हुआ और बिजली सप्लाई गुल हो गई। सुबह 10 बजे बिजली कर्मचारियों ने आकर फाल्ट ठीक करा जिससे बिजली सप्लाई सुचारू हो सकी। तहसील स्कूल, रेती मोहल्ला में रहने वाले 5 हजार उपभोक्ताओं की देर रात 3 बजे से लेकर सुबह 8 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रही। लोगों को 5 घंटे लगातार बिजली कटौती का दंश झेलना पड़ा।

# लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के सफलतापूर्वक निर्वाचन सम्पन्न कराने हेतु मा0 प्रेक्षकगणों के साथ प्रत्याशी एवं उनके प्रतिनिधियों की बैठक सम्पन्न

मुरादाबाद - कलेक्टेऊट सभागार मुरादाबाद में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के सफलतापूर्वक निर्वाचन सम्पन्न कराने हेतु मा0 प्रेक्षकगण श्री कुमार राहुल, श्री रंजन कुमार शर्मा, श्री सतीश शितोले विश्वनाथ, श्री संदीप गुहा के साथ प्रत्याशी एवं उनके प्रतिनिधियों की बैठक आहूत की गयी। बैठक में प्रत्याशियों को व्यय संबंधी, वाहन परमीशन, जनसभा अनुमति, प्रचार सामग्री आदि के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी उपलब्ध कराते हुए आदर्श आचार संहिता का शतप्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बैठक में बताया कि प्रत्याशियों ने जो बैंक खातें चुनाव कराने हेतु खुलवाये हैं उसी से सभी लेनदेन करना है, जो बैंक में जमा करेंगे एवं निकालेंगे सभी का विवरण प्रत्याशी द्वारा दर्ज किया जायेगा। निर्वाचन आयोग के सभी निर्देशों का पालन करते हुए जागरुक होकर अपना चुनाव संबंधी व्यय करना है। उन्होंने बताया कि प्रत्याशी व्यय के लिए एक अभिकर्ता भी नियुक्त कर सकते हैं, जो भी व्यय करें प्रत्याशी को उसे अपने खर्चे में दिखाना है। दिनांक 4 अप्रैल, 10 अप्रैल एवं 15 अप्रैल को सभी प्रत्याशियों को अपने व्यय संबंधी विवरण कोषागार में व्यय लेखा समिति के समक्ष प्रस्तुत करना है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्राईवेट भवनों पर प्रचार-प्रसार की अनुमति भवन स्वामी की होनी चाहिए, किसी भी सरकारी भवन/बिल्डिंग पर प्रचार-प्रसार पूर्णतया प्रतिबन्धित है, जो भी पोस्टर छपवायेंगे उस पर प्रिन्टिंग प्रेस का नाम, पोस्टर की संख्या अवश्य अंकित की जाये। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया सी विजिल मोबाइल ऐप को डाउनलोड कर लें। यदि कहीं पर आचार संहिता का उल्लंघन हो रहा है तो उसका फोटो खींचकर भेज सकते हैं, यह ऐसा ऐप है कि फोटो लोकेशन सहित प्राप्त होगा और निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने बताया कि जनपद में 57 स्टेटिक टीमें एवं 18 फ्लाइंट स्क्रायड टीमें क्रियाशील है, जो चुनाव पर नजर रखे हुए हैं। प्रत्याशी कोई भी परमीशन हेतु सुविधा पोर्टल ऐप पर 48 घण्टे पहले आवेदन करें। कोई भी जनसभा बिना अनुमति के नहीं करेंगे, जनसभा में कोई भी ऐसा वक्तव्य नहीं बोलेंगे, जिसमें किसी की भावना आहत हों। उन्होंने बताया कि आमजन सी विजिल ऐप के माध्यम से आदर्श आचार संहिता उल्लंघन संबंधी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि बैठक का उद्देश्य यहीं है कि आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन न होने पायें। सबकुछ ऑनलाइन है और सुविधा ऐप का उद्देश्य यहीं है कि समयान्तर्गत ठीक प्रकार से आयोग के निर्देशों का पालन हो सके। आप सभी प्रत्याशियों से अपेक्षा है कि लगातार हमारे संपर्क में रहे और चुनाव में अपेक्षित सहयोग प्रदान करें। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन गुलाब चन्द, अपर जिलाधिकारी नगर ज्योति सिंह, मुख्य कोषाधिकारी रेनू बौद्ध, उपजिलाधिकारी कांठ, प्रत्याशीगण उपस्थित रहें।

# मा0 प्रेक्षकगणों की अध्यक्षता में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत सभी प्रभारी/सहायक प्रभारी अधिकारियों के साथ बैठक सम्पन्न

मुरादाबाद- मा0 प्रेक्षकगणों की अध्यक्षता में कलेक्टेऊट सभागार में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत सभी प्रभारी/सहायक प्रभारी अधिकारियों के साथ बैठक आहूत हुई। बैठक में मा0 सामान्य प्रेक्षक श्री कुमार राहुल द्वारा सभी अधिकारियों को बिना किसी दबाव के निर्वाचन संबंधी दायित्वों को निवर्हन करने के निर्देश दिये। उन्होंने समस्त उपस्थित अधिकारियों से कहा कि निर्वाचन कार्यो में शिथिलता न बरतें, पूरी लगन, निष्पक्षता, पारदर्शितापूर्ण तरीके से निर्वाचन को सम्पन्न कराया जाना सुनिश्चित करें।

बैठक में मतदान एवं मतगणना कर्मियों की ड्यूटी, प्रशिक्षण से संबंधित, निर्वाचन व्यय से संबंधित, सी विजिल, ए0एम0एफ0, मीडिया सैल, कंट्रोल रुम, यातायात, स्टेशनरी सहित अन्य विषयों पर संबंधित प्रभारी अधिकारियों द्वारा मा0 प्रेक्षकगणों को समस्त व्यवस्थाओं से अवगत कराया गया। बैठक में मा0 सामान्य प्रेक्षक श्री कुमार राहुल, मा0 व्यय प्रेक्षक मुरादाबाद शहर एवं ग्रामीण विधानसभा श्री सतीश शितोले विश्वनाथ, मा0 पुलिस प्रेक्षक श्री रंजन कुमार शर्मा, मा0 व्यय प्रेक्षक विधानसभा ठाकुरद्वारा एवं बढ़ापुर श्री संदीप गुहा, जिला निर्वाचन अधिकारी श्री मानवेन्द्र सिंह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री गुलाबचन्द, मुख्य विकास अधिकारी श्री सुमित यादव, अपर जिलाधिकारी नगर ज्योति सिंह सहित सभी प्रभारी /सहायक अधिकारी उपस्थित रहें।

# डीसीबी चेयरमैन और भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष के बीच भिड़ंत, दोनों पुलिस के पास पहुंचे

मुरादाबाद - मुरादाबाद में महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष आदेश चौधरी और जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन विजयभान सिंह आमने-सामने आ गए थे। दोनों ने एक दूसरे के खिलाफ पुलिस से शिकायत की है। मामले की जांच चल रही है। भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष आदेश चौधरी ने जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन विजयभान सिंह, उनके बेटे कपिल मलिक समेत पांच लोगों पर पिटाई करने का आरोप लगाया है। आदेश का कहना है कि उनके खिलाफ बैंक की तरफ से एक तहरीर दी गई है। उसी संबंध में बात करने गई थीं। चेयरमैन का कहना है कि आदेश चौधरी उनके घर हंगामा कर रही थीं। उनके साथ मारपीट नहीं की गई है।भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष आदेश चौधरी ने बताया कि उनके खिलाफ बैंक की ओर से रिपोर्ट दर्ज करने को तहरीर दी है। इस जानकारी मिलने पर वह जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन विजय भान सिंह के घर लोधीपुर राजपूत गांव पहुंच गईं। आदेश चौधरी का कहना है कि अपना पक्ष रखने चेयरमैन के घर गई थीं। यहां चेयरमैन, उनके बेटे समेत पांच लोगों ने उनके साथ मारपीट की। इसके बाद उन्हें घर से भगा दिया। आदेश चौधरी ने इस मामले में पाकबड़ा थाने में तहरीर दी लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। एसएसपी कार्यालय में वह शिकायत करने पहुंची तो यहां भी उसे ढाई घंटे तक बैठाए रखा। इस मामले में जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन विजय भान सिंह ने बताया की बैंक से फर्जीवाड़ा करके लाखों रुपये निकालने का प्रयास किया गया था। बैंक के अधिकारियों ने इस मामले में आदेश चौधरी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने की तहरीर दी थी। दोनों पक्षों ने इस मामले में एसएसपी कार्यालय में भी अपने अपने प्रार्थना पत्र दिए हैं। एसएसपी हेमराज मीना ने बताया कि दोनों पक्षों की ओर से शिकायती पत्र मिले हैं। जिनकी जांच कराई जा रही है।

# अखिलेश यादव आस्तीन के सांपों को पहचानें, सुप्रीम कोर्ट के जज की निगरानी में हो मुख्तार अंसारी की मौत के मामले की जांच : डॉ. एसटी हसन

मुरादाबाद - समाजवादी पार्टी के सांसद डॉ. एसटी हसन ने मुख्तार अंसारी की मौत के बाद बयान दिया है। उन्होंने कहा जो खबरें आ रही हैं वह काफी विवादित हैं। मुख्तार अंसारी के घर वालों ने पहले भी इल्जाम लगाया था कि मुख्तार अंसारी का मर्डर हो सकता है। उन्हें स्लो प्वाइजन दिया जा रहा है। अब यह है कि उनकी फिर पॉलिटिकल एसटी हसन ने करते हैं कि मौत के मामले कोर्ट के सेटिंग होनी चाहिए। दूध पानी हो जाएगा। भरोसा भी करते हैं करते हैं। रिटायर्ड करें। डॉक्टर कि मुख्तार अंसारी



मैटर ऑफ इंक्वायरी नेचुरल डेथ हुई है या मर्डर है। सांसद डॉ. कहा कि हम मांग मुख्तार अंसारी की की जांच सुप्रीम जज की निगरानी में का दूध पानी का हम सुप्रीम कोर्ट पर और सम्मान भी जज इसमें जांच ना एसटी हसन ने कहा के बिसरा की जो जांच हो रही है। प्वाइजन की पुष्टि करने के लिए वह भी उत्तर प्रदेश से बाहर किसी लैब में होनी चाहिए। मुरादाबाद से सपा प्रत्याशी रुचि वीरा के बयान पर डॉ. एसटी हसन ने कहा कि मेरी बीवी को छोड़कर सारी मेरी बहने हैं। उन्होंने कहा मुझे सिंबल दिया गया मैं नॉमिनेशन कराया और आखिर वक्त तक यह कहा गया कि चुनाव आप ही लड़ेंगे। लेकिन, बाद में रुचि वीरा को प्रत्याशी बना दिया गया। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव ऐसे लोगों को पहचाने जिन्हें भाजपा और आरएसएस ने उनके आसपास इन प्लांट किया है। उन आस्तीन के सांपों को भी पहचानें जो पार्टी का भला नहीं चाहते। सपा सांसद ने कहा कि मुस्लिम समाजवादी पार्टी का जो वोटर है और वहीं अगर-अलग हो जाएगा तो समाजवादी पार्टी के पास कुछ नहीं रहेगा। यही बीजेपी आरएसएस चाहती है। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव बड़ी पार्टी चलते हैं और यकीनन वह प्रेशर में भी होंगे। लेकिन, मैं उन्हें टेंशन नहीं देना चाहता। उन्होंने आखिर में कहा मैं सिर्फ यही चाहता हूं कि अखिलेश यादव जी अपने सभी लोगों का असेसमेंट कर लें।

# जुमे की नमाज के लिए जामा मस्जिद पहुंच रहे रोजेदार



मुरादाबाद - शुक्रवार को रमजान के तीसरे जुमे पर महानगर की जामा मस्जिद समेत सभी मस्जिदों में जुमे की नमाज अदा की जाएगी। जिसको लेकर जामा मस्जिद में सुबह से ही रोजेदारों की आमद शुरू हो गई हैं। रमजान के महीने में जुमे का दिन बड़ा ही अफजल माना जाता है। वैसे तो रोजेदार रमजान के पूरे महीने इबादत करते है, लेकिन जुमे का दिन इबादत के लिए खास मना गया हैं। इस दिन रोजेदार अल्लाह की बारगाह में सजदा कर अपने गुनाहों की तौबा करते है। इसके लिए रोजेदारा जामा मस्जिद में नमाज अदा करना पसंद करते है।

जो लोग जामा मस्जिद में नहीं जा पाते है, वह लोग अन्य मस्जिद में नमाज अदा करेंगे। जिसको लेकर महानगर की जामा मस्जिद पर सुबह से ही रोजदारों की आमद शुरू हो जाती है। शुक्रवार सुबह फज्र की नमाज के बाद ही आना शुरू हो गया। अभी 11=30 बजे तक जामा मस्जिद में रोजेदारों की भीड़ से भर चुकी है।

KYUN NA LIKHUN SACH
हिंदी अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
को आवश्यकता है उत्तर प्रदेश . उत्तराखंड मध्य प्रदेश ,दिल्ली ,बिहार पंजाब छतीसगढ़ राजस्थान आदि सभी राज्यों से रिपोर्टर,जिला ब्यूरो विज्ञापन प्रतिनिधि की
सम्पर्क करे-9027776991

## क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# अन्धी हत्या का सीधी पुलिस ने किया खुलासा, हत्या में शामिल तीनो आरोपी पुलिस के गिरफ्त में

क्यूँ न लिखूँ सच
अरुण मिश्रा

सीधी-डॉ.रविन्द्र वर्मा पुलिस अधीक्षक सीधी के कुशल निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीधी श्री अरविंद श्रीवास्तव व उप पुलिस अधीक्षक श्रीमती गायत्री तिवारी के कुशल मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी जमोड़ी उनि0 विशाल शर्मा के नेतृत्व में अन्धी हत्या का किया गया खुलाषा,घटना विवरण - दिनांक 22 मार्च 2024 को सुबह लगभग 09:00 बजे के करीब फरियादी राजेन्द्र प्रसाद साकेत पिता हीरालाल साकेत उम्र 26 वर्ष निवासी भरसेड़ी थाना सरई जिला सिंगरौली थाना जमोड़ी उपस्थित आकर इस आशय कि रिपोर्ट किया कि ग्राम तेगवा न्यू वन चौकी के पास मेरा भाई मृत अवस्था में पड़ा है जिसकी मोटर सायकल हेलमेट एवं एक पैर का जूता कुछ दूर पर पड़ा है जिसके गले में रस्सी के निशान बने है जिससे लगता है कि मेरे भाई का किसी ने गला घोट कर हत्या कर दी है। सूचना पर थाना जमोडी से उनि0 विशाल शर्मा मय हमराह स्टाफ के रवाना होकर घटना स्थल पर




पहुचे एवं घटना के संबध में वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराये जिस पर पुलिस अधीक्षक सीधी डॉ. रविंद्र वर्मा एवं अति0 पुलिस अधीक्षक श्री अरविंद श्रीवास्तव व उप पुलिस अधीक्षक श्रीमती गायत्री तिवारी तत्काल घटना स्थल पर पहुँचे एवं थाना जमोडी को वैधानिक कार्यवाही करने के आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उक्त घटना पर थाना जमोड़ी में 302 भा.द.वि. के तहत अपराध पंजीबद्ध किया जाकर विवेचना में लिया गया। जो राजू की पत्नी ने मृतक को दिनांक 21/03/2024 को मिलने के लिये बुलाई और वही पर घात लगाकर पूर्व से बैठे राजू साकेत उसके साढू जीतेन्द्र साकेत व राजू साकेत की पत्नी तीनो ने मिलकर हत्या कारित कर साक्ष्य झुपाने के उद्देश्य से शव को उठा कर घर से लगभग 5-6 किलोमीटर दूर न्यू वन चौकी के पास लाकर मृतक की मोटर सायकल सहित मृतक के शव को फेक दिये तथा वहा से फरार हो गये। साक्षियों के कथन एवं विवेचना में आये साक्ष्यों के आधार पर राजू साकेत पिता सुखसेन साकेत निवासी भरसेड़ी बंजारी देवसर सिंगरौली, राजू साकेत की पत्नी एवं जितेंद्र कुमार साकेत पिता गभिरे साकेत निवासी ग्राम मड़रिया थाना जमोड़ी को पुलिस अभिरक्षा में लेकर कड़ाई से पूछताछ की गई जो गला घोंटकर हत्या कारित करना कबूल किये है। सराहनीय भूमिका- इस अन्धी हत्या का खुलासा करने व आरोपी की गिरफ्तारी में उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्रीमती गायत्री तिवारी, थाना प्रभारी जमोडी उनि0 विशाल शर्मा, चौकी प्रभारी टिकरी सउनि0 प्रमोद तिवारी , प्रआर0, लल्लू विस्वकर्मा, राजीव यादव मप्रआर किरण मिश्रा आर0 अभिषेक मिश्रा, के.पी. सिंह, प्रसन्न मिश्रा, सतीष तिवारी एवं सायबर सेल सीधी से प्रदीप मिश्रा व कृष्णमुरारी द्विवेदी आदि की सराहनीय भूमिका रही है।

# भाजपा लोकसभा प्रत्याशी डॉ राजेश मिश्रा का चुनावी जनसंपर्क जारी, मिल रहा जनता का भरपूर आशीर्वाद

क्यूँ न लिखूँ सच
अरुण मिश्रा

सीधी- भारतीय जनता पर्टी के लोकसभा प्रत्याशी, ख्याति प्राप्त चिकित्सक ,पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ राजेश मिश्रा ने लोकसभा संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत ब्यौहारी विधानसभा के करकी मंडल के ग्राम बराछ बखरी टोला बगीचा में आयोजित आम सभा मे जनता जनार्दन से भाजपा के पक्ष में मतदान करने हेतु आशीर्वाद मांगा। भाजपा प्रत्याशी डॉ राजेश मिश्रा ने कहा किडबल इंजन की भाजपा सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को गिनाते हुए कहा कि भाजपा की डबल इंजन की सरकार ने प्रति व्यक्ति आय जो कांग्रेस के जमाने में 12000 थी, वह अब बढ़कर 140000 हो गई है। गरीब कल्याण योजना के अंतर्गत 80 करोड लोगों को निशुल्क खाद्यान्न हमारी सरकार उपलब्ध करा रही है। 44 लाख लोगों को प्रधानमंत्री आवास और 4 करोड़ से अधिक लोगों को आयुष्मान कार्ड देकर गरीबों का उपचार सुनिश्चित कराया। वही मुख्यमंत्री कन्या विवाह के अंतर्गत 7 लाख से अधिक लोगों को 55000 प्रति व्यक्ति की सहायता राशि दी गई। संबल योजना जिसे कांग्रेस की कमलनाथ सरकार ने बंद कर दिया था उसे पुन: चालू करते हुए भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने 4900 करोड रुपए



की सहायता राशि वितरित की। व्यौहारी विधानसभा के क्षेत्रीय विधायक शरद कोल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने मिलनसार, सहज, सरल और लोकसभा प्रत्याशी डॉ राजेश मिश्रा का व्यौहारी विधानसभा अंतर्गत जगह-जगह लाडली बहनों एवं लाडली लक्ष्मी बेटियों के द्वारा कलश दिखाकर



बहुमुखी प्रतिभा के धनी डॉक्टर राजेश मिश्रा को लोकसभा का प्रत्याशी बनाया है। हम सभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत विजन को आगे बढ़ाने के लिए डॉक्टर राजेश मिश्रा को रिकार्ड मतों से अपना समर्थन प्रदान करते हुए दिल्ली भेजेंगे।

लाडली बहनों ने कलश दिखाकर किया अभिनंदन - भाजपा जिला मीडिया प्रभारी सुरेंद्र मणि दुबे ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी के अभिनंदन करते हुए, बड़ी संख्या में बहनों का आशीर्वाद प्राप्त हो रहा है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से विधानसभा संयोजक शत्रुघ्न पटेल, लालचंद गुप्ता, डॉ देवेंद्र त्रिपाठी, कृष्ण गुप्ता राजन, सातिका प्रसाद तिवारी, पुष्पेंद्र पटेल, राजेश द्विवेदी, दीपक केसरवानी, श्रीधर गर्ग, राकेश तिवारी, राहुल द्विवेदी, शिवेंद्र सिंह, रमाशंकर पटेल, श्रवण चौबे सहित पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय जन उपस्थित रहे।

# कांग्रेस प्रत्याशी श्री पटेल का सिंगरौली जिले में सघन जनसंपर्क मिल रहा भरपूर समर्थन

क्यूँ न लिखूँ सच
अरुण मिश्रा

सीधी- लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी श्री कमलेश्वर पटेल ने शुक्रवार को सिंगरौली जिले का व्यापक जनसंपर्क कर पार्टी कार्यकर्ताओं एवं आमजनों से मिलकर समर्थन मांगा। कहा कि आपके समर्थन से सीधी लोकसभा क्षेत्र के विकास का रास्ता खुलेगा। कांग्रेस प्रत्याशी श्री पटेल ने ने कहा कि जिले में बदहाली चरम पर है। आज आवागमन के लिए वर्षो पहले बनी सड़कें टूट चुकी है।अस्पताल है तो डॉक्टर ही नहीं हैं। गरीबों को इलाज कराने के लिए बाहर जाना होता है। बेरोजगारी चरम पर है,युवा बेरोजगार पलायन कर रहा है। रोजगार का इंतजाम न होने से दिक्कत हो रही है। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा की केंद्र सरकार संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर निर्वाचित राज्यों की निर्वाचित सरकारों को गिराने का कार्य कर रही है। इलेक्टोरल बांड के द्वारा अवैध चंदा वसूली की गई जो कि



विश्व स्तर का एक बहुत बड़ा घोटाला है। जिससे विश्व में भारतीय लोकतंत्र की गौरव गरिमा को बहुत नुकसान पहुंचा है। इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर इन आरोपियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई होगी। कांग्रेस प्रत्याशी श्री पटेल ने शुक्रवार को सिंगरौली जिले के ग्राम हरहीवा, सासन ( सिंगरौली ) के ग्राम पिपरा में बैढन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, नवानगर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, मोरबा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के मंडलम व सेक्टर कार्यकर्ताओं से चर्चा कर अधिक से अधिक मतों से कांग्रेस को जिताने का आग्रह किया। सिंगरौली इंटक कार्यालय में इंटक के पदाधिकारी के साथ भी बैठक कर लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी को समर्थन देने का अनुरोध किया। कार्यक्रम के दौरान जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी सिंगरौली शहर श्री अरविंद सिंह चंदेल पूर्व महापौर श्रीमती रेणु शाह, श्रीमती मधु शर्मा, अध्यक्ष,जिला महिला कांग्रेस श्रीमती कृष्णा सिंह परिहार, कार्यवाहक अध्यक्ष श्री राम अशोक शर्मा, इंटक अध्यक्ष श्री वीरेंद्र सिंह बिष्ट सहित विभिन्न ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों के अध्यक्ष,पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक थे। नमाजियों से मुलाकात, हनुमान मंदिर में दर्शन किए बैढन स्थित मस्जिद में जुम्मा की नमाज के बाद नमाजियों से मुलाकात कर उनसे आशीर्वाद एवं सहयोग का प्राप्त किया। इस अवसर पर मुस्लिम समाज के धर्मावलंबी उपस्थित थे। बैढन के प्राचीन हनुमान मंदिर के दर्शन कर प्रभु के श्री चरणों में मत्था टेक कर वहां उपस्थित वरिष्ठ नागरिकों से आशीर्वाद लेकर लोकसभा चुनाव में समर्थन एवं सहयोग का अनुरोध किया।

# आजमगढ़ में पुलिस और पशु तस्करों के बीच हुई मुठभेड़, एक बदमाश गोली लगने बाद गिरफ्तार; तीन फरार

आजमगढ़ पुलिस और पशु तस्करों के बीच मुठभेड़ में एक बदमाश को गोली लगने के साथ ही उसे गिरफ्तार कर लिया गया। हालांकि अंधेरे का फायदा उठाकर तीन तस्कर फरार हो गए। मुठभेड़ फूलपुर कोतवाली क्षेत्र के खानजहांपुर स्थित इंटर कॉलेज के पास हुई। आजमगढ़ जिले के फूलपुर कोतवाली क्षेत्र के खानजहांपुर स्थित इंटर कॉलेज के पास गुरुवार की रात करीब 12-30 बजे पुलिस और पशु तस्करों के बीच मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में एक बदमाश गोली लगने से घायल हो गया। जबकि तीन बदमाश भागने में सफल रहे। पुलिस ने घायल बदमाश को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है और फरार बदमाशों की तलाश में जुट गई है।यह है पूरा मामला - गुरुवार की आधी रात मुखबिर से फूलपुर कोतवाली प्रभारी



शशिचंद्र चौधरी को सूचना मिली कि खानजहांपुर गांव के पास कुछ पशु तस्कर पिकअप वाहन पर गोवंशीय पशुओं को लाद रहे हैं। कोतवाल मामले की सूचना अंबारी पुलिस चौकी प्रभारी को देते हुए मौके के लिए रवाना हो गए। रात करीब साढ़े बारह बजे पुलिस टीम द्वारा पशु तस्करों को पकड़ने के लिए जब मौके पर घेराबंदी की गई तो पशु तस्करों की तरफ से फायरिंग शुरू कर दी गई। पुलिस द्वारा की गई जवाबी फायरिंग में एक पशु तस्कर के दाहिने पैर में गोली लग गई। जबकि तीन पशु तस्कर अंधेरे का फायदा उठाते हुए फरार होने में सफल रहे। पुलिस ने घायल पशु तस्कर को हिरासत में ले लिया। मुठभेड़ स्थल से पुलिस ने एक पिकअप वाहन, चार गोवंश, एक तमंचा, दो खोखा एवं तीन जिंदा कारतूस बरामद किया। घायल पशु तस्कर की पहचान अबू तालिब उर्फ तालिब निवासी ग्राम बखरा थाना सरायमीर के रूप में की गई। उसको इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। पूछताछ के दौरान अबू तालिब ने बताया कि मौके से फरार हुए तीनों पशु तस्कर अहरौला क्षेत्र के पीठापुर गांव के रहने वाले हैं। पशु तस्करों के इस गिरोह के खिलाफ जिले के विभिन्न थानों में दर्जनों मुकदमे दर्ज हैं। घायल अबू तालिब के खिलाफ भी चार संगीन मामले दर्ज हैं। पुलिस फरार पशु तस्करों की तलाश में जुट गई है।

# मेनका गांधी को इसौली में करनी होगी मशक्कत, 2019 में बसपा प्रत्याशी ने ले ली थी बढ़त, मुश्किल से मिली जीत

2019 के लोकसभा चुनाव में इसौली और सुल्तानपुर सीट से बसपा प्रत्याशी ने अच्छी बढ़त ले ली थी। कड़ी टक्कर में कादीपुर और सदर क्षेत्र ने बढ़त देकर मेनका गांधी को जीत दिलाई थी।पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी एक बार फिर सुल्तानपुर सीट से भाजपा प्रत्याशी के रूप में मैदान में हैं। इस बार भी उनके समक्ष सबसे बड़ी चुनौती इसौली विधानसभा क्षेत्र ही है, जिसे भद्र बंधुओं का गढ़ माना जाता है। भद्र बंधुओं के समर्थन से जहां 2014 में वरुण गांधी को आसान जीत मिली थी, वहीं उनके प्रतिद्वंद्वी बन जाने पर मेनका गांधी को जीतने में मशक्कत करनी पड़ी थी।वर्ष 2014 में वरुण गांधी जब इस सीट से चुनाव लड़े थे तो इसौली के चंद्रभद्र सिंह सोनू और यशभद्र सिंह मोनू उनके समर्थन में थे, लेकिन 2019 में परिदृश्य बदल गया। मेनका गांधी मैदान में उतरीं तो उनके सामने बसपा-सपा गठबंधन से प्रत्याशी के रूप में चंद्रभद्र सिंह सोनू उतर पड़े। ऐसे में जब मतदान हुआ तो भद्र परिवार के वर्चस्व वाले क्षेत्र इसौली में मेनका को 79382 और सोनू को 84933 वोट मिले। यहां से करीब साढ़े पांच हजार से पिछड़ने वाली मेनका गांधी को सुल्तानपुर विधानसभा क्षेत्र में भी झटका लगा। उन्हें 87848 और सोनू सिंह को 100411 वोट मिले।लंभुआ विधानसभा क्षेत्र ने भी उनका ज्यादा साथ नहीं दिया और उन्हें करीब एक हजार मतों की ही बढ़त मिली। गनीमत रही कि कादीपुर और सदर विधानसभा क्षेत्र ने खुलकर मेनका गांधी का साथ दिया, जिसके चलते उन्हें यहां से करीब 32 हजार वोट ज्यादा मिले। इस बढ़त ने न केवल इसौली और सुल्तानपुर सीट पर हार के अंतर को पाटा बल्कि उन्हें 13,859 वोटों से जीत भी दिला दी। अब इन दोनों सीटों पर पिछले अनुभव को देखते हुए मेनका क्या रणनीति अख्तियार करती हैं, यह देखना रोचक होगा। वर्ष 2019 में भाजपा व बसपा प्रत्याशी को विधानसभावार मिले



मत विधानसभा क्षेत्र -- भाजपा -- बसपा इसौली -- 79382 -- 84933 सुल्तानपुर -- 87848 -- 100411 सदर -- 95550 -- 78332 लंभुआ -- 91388 -- 90392 कादीपुर -- 104113 -- 90354 कुल -- 4,58,281 -- 4,44,422 तो भद्र परिवार से लेनी होगी टक्कर- पिछले चुनाव के रनर अप रहे चंद्रभद्र सिंह सोनू और उनके भाई यशभद्र सिंह मोनू एक केस में सजायाफ्ता होने के कारण अब चुनाव नहीं लड़ पाएंगे, लेकिन जिले के सियासी जानकार मानते हैं कि इससे उनके जनाधार पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा। सांसद मेनका गांधी और भद्र परिवार के रिश्ते जिस तरह से बेहद तल्ख हैं, उसे देखते हुए साफ है कि भद्र परिवार फिर चुनाव में उनका विरोध में ही रहेगा। ऐसे में इसौली का गढ़ भेदना पहले जैसा आसान नहीं होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### क्षेत्राधिकारी जमुनहा ने रिजर्व पुलिस लाइन में पहुंचकर साप्ताहिक परेड की सलामी ली एवं दिए आवश्यक दिशा निर्देश

क्यूँ न लिखूँ सच-प्रेमचंद जायसवाल

श्रावस्ती क्षेत्राधिकारी जमुनहा सतीश कुमार शर्मा ने रिजर्व पुलिस लाइन में पहुंचकर परेड की सलामी ली एवं शारीरिक एवं मानसिक रूप से फिट रहने के लिए परेड की दौड़ लगवाई। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक ने रिजर्व पुलिस लाइन में बने क्वार्टर गार्द, जीडी कार्यालय, कैश कार्यालय, शस्त्रागार, परिवहन शाखा, डीसीआर शाखा, मालखाना स्टोर, आरक्षी बैरक तथा पुलिस लाइन आवास के आस-पास साफ-सफाई एवं स्वच्छता हेतु विशेष ध्यान देने हेतु प्रतिसार निरीक्षक को निर्देशित किया। इसी क्रम में पुलिस उपाधीक्षक ने आदेश कक्ष में पहुंचकर गार्द रजिस्टरों को चेक किया तथा गार्द की सुरक्षा ड्यूटी के संबंध में सभी गार्द कमांडरों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### सपा के स्टार प्रचारकों की लिस्ट जारी... इस नाम ने चौंकाया, दर्ज है सबसे कम उम्र में सांसद बनने का रिकॉर्ड

सपा ने लोकसभा चुनाव 2024 के पहले चरण के लिए स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। इस सूची में 18 नेताओं को शामिल किया गया है, जिसमें राज्यसभा सांसद रामजी लाल



सुमन को समाजवादी पार्टी ने स्टार प्रचारक बनाया है। समाजवादी पार्टी ने लोकसभा चुनाव 2024 के पहले चरण के लिए 18 स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। राज्यसभा सांसद रामजी लाल सुमन को समाजवादी पार्टी ने स्टार प्रचारक बनाया है। लोकसभा चुनाव के पहले चरण की सीटों के लिए अखिलेश व डिंपल के साथ जनसभाएं करेंगे। 18 स्टार प्रचारकों की सूची बृहस्पतिवार को सपा ने जारी की है, इसमें जया बच्चन भी शामिल हैं।आगरा, फतेहपुर सीकरी सीट पर तीसरे चरण में मतदान होगा। रामजी लाल सुमन को पिछले महीने ही सपा ने राज्यसभा भेजा था। अनुसूचित वर्ग से आने वाले रामजी लाल का आगरा व अलीगढ़ मंडल में प्रभाव है। चार बार लोकसभा सांसद रह चुके रामजी लाल को चुनावी रणनीति बनाने में माहिर माना जाता है। सुमन के नाम सबसे कम उम्र में सांसद बनने का रिकॉर्ड था। 1975 में आपातकाल के दौरान वह जेल गए। 1977 में पहली बार वह लोकसभा सदस्य बने। 1989 में तत्कालीन प्रधानमंत्री चंद्रशेखर की सरकार में श्रम कल्याण मंत्री रहे। पिछले तीन दशक से सुमन सपा में राष्ट्रीय महासचिव की भूमिका निभा रहे हैं। पहले चरण में पश्चिमी आठ लोकसभा सीटों पर चुनाव हो रहा है। जिसमें रामपुर, नगीना, बिजनौर, कैराना आदि शामिल हैं। बहरदोई के रहने वाले रामजीलाल सुमन का जन्म 25 जुलाई 1950 को हुआ था। इन्होंने अपनी शिक्षा हाथरस व आगरा से की। 26 साल की उम्र में रामजीलाल सुमन ने जनता पार्टी के टिकट पर फिरोजाबाद से लोकसभा का चुनाव लड़कर जीत हासिल की। इसके बाद वर्ष 1989 में जनता दल से फिरोजाबाद लोकसभा से चुनाव लड़कर सांसद बने। रामजीलाल सुमन को चंद्रशेखर का करीबी माना जाता था। इसी के चलते 1991 में सुमन को श्रम कल्याण, महिला कल्याण एवं बाल विकास मंत्री बनाया। 1992 में समाजवादी पार्टी के गठन के बाद रामजीलाल सुमन ने मुलायम सिंह यादव का साथ ले लिया। फिर एक बार सुमन 1999 में सपा की टिकट पर फिरोजाबाद लोकसभा से चुनावी मैदान में उतरे और जीत हासिल की। 2004 में भी सपा की सीट से जीत हासिल की। 1996 से अब तक सपा में राष्ट्रीय महासचिव के पद संभाले हुए हैं।

### हाईटेंशन तार की चपेट में आई बुआ को बचाने गई भतीजी की मौत, परिवार में मचा कोहराम

हाईटेंशन तार की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब बुआ और भतीजी छप पर टहल रही थीं। बुआ हाईटेंशन तार की चपेट में आई तो भतीजी उसे बचाने पहुंची। जिससे वह भी करंट की चपेट में आ गई। आजमगढ़ जिले के देवगांव कोतवाली के गड़ौली गांव में एक व्यक्ति के मकान के पास से हाईटेंशन तार गुजरा है। गुरुवार की रात में छत पर टहल रही महिला तार की चपेट में आ गई, इसके बाद पास में वहां मौजूद उसकी भतीजी बचाने गई तो वह भी तार की चपेट में आ गई। घटना के बाद दोनों को आनन-फानन अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने भतीजी को मृत घोषित कर दिया। जबकि बुआ को उपचार के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। पुलिस ने मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है।यह है पूरा मामला- देवगांव कोतवाली के गड़ौली गांव निवासी लाल बहादुर यादव के मकान के पास से हाइटेंशन तार गुजरा है। गुरुवार की रात उसकी 50 वर्षीय बहन मालती यादव और 35 वर्षीय भतीजी सोनी यादव छत पर टहल रही थीं। तभी बुआ तार की चपेट में आ गई। यह देख भतीजी सोनी उसे बचाने के लिए भागी। जैसे ही उसने बुआ को खींचने की कोशिश की वह भी करंट की चपेट में आ गई। बुआ तार के झटके से छत से नीचे जा गिरी, जबकि सोनी तार से चिपकी रही। देवगांव कोतवाली के गडौली गांव निवासी लालबहादुर यादव की बहन मालती यादव ( 50 ) पत्नी टिल्लू गंभीरपुर थाना के उमरी श्री और सोनी यादव ( 35 ) पत्नी शैलेश यादव मेहनाजपुर थाना के सिधौना की निवासिनी थी।

# सोनवाही जंगल में स्कूटी सवार दो महिलाओं से लूट करने वाले 1 आरोपी को चौकी लटोरी पुलिस ने किया गिरफ्तार

क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- दिनांक 28.03.24 को ग्राम गजाधरपुर निवासी कांती देवी ने चौकी लटोरी में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 28 मार्च को अपनी लड़की के साथ स्कूटी से गांधीनगर अम्बिकापुर पकड़ा दुकान गए थे जहां से खरीददारी कर वापस घर गजाधरपुर आ रहे थे दोपहर में सोनवाही जंगल के पास पहुंचे थे कि इन लोगों के पीछे से दो अज्ञात व्यक्ति मोटर सायकल में आए और बोले कि रूको, तब डरकर यह रूक गए उसी दौरान दोनों व्यक्ति बोले कि झोला चेक कराओ क्या है इसमें कहते हुए झोला छीन लिए तथा झोला में रखा 2 नग पर्स जिसमें 4200 रूपये थे उसे छीनकर मोटर सायकल से दोनों अम्बिकापुर की ओर भाग गए, लड़की अम्बिकापुर की ओर सड़क पर स्कूटी से पीछा भी की जो दोनों भाग निकले। प्रार्थियां की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध धारा 392, 34 भादसं. के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। मामले की सूचना मिलते ही उप पुलिस महानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री एम.आर.आहिरे (भा.पु.से.) ने अज्ञात आरोपियों की गंभीरतापूर्वक पतासाजी कर पकड़ने पुलिस टीम को लगाया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो व एसडीओपी सूरजपुर नंदिनी ठाकुर के मार्गदर्शन में चौकी लटोरी पुलिस अज्ञात आरोपियों की पतासाजी में लगी थी इसी बीच मुखबीर की सूचना पर संदेही शहजोर अली पिता अयुब अली उम्र 32 वर्ष निवासी ईरानी मोहल्ला अम्बिकापुर थाना कोतवाली को पकड़ा गया जिसके बाद कार्यपालिक दण्डाधिकारी लटोरी से शिनाख्ती की कार्यवाही कराने पर प्रार्थियां ने पहचान किया। पूछताछ पर आरोपी ने बताया कि घटना दिनांक के दोपहर में हीरो स्पेलडर प्लस मोटर सायकल क्रमांक सीजी 15 सीएस 7142 में एक अन्य व्यक्ति के साथ ग्राम करवां जा रहे थे, अम्बिकापुर बनारस रोड़ में ग्राम सोनवाही जंगल पहुंचे थे तब सामने दो महिला स्कूटी से जा रहे थे जिन्हें आवाज देकर रोकते हुए लूट की वारदात को अंजाम दिये और लूट की रकम में से 400 रूपये का पेट्रोल डलवाए और शेष राशि को आपस में बाट लिए गया।




आरोपी के निशानदेही पर लूट की रकम 1000 रूपये एवं घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल जप्त कर आरोपी शहजोर अली को गिरफ्तार किया गया। मामले में 1 अन्य आरोपी फरार है जिसकी पतासाजी की जा रही है। इस कार्यवाही में चौकी प्रभारी लटोरी धनंजय पाठक, प्रधान आरक्षक विशाल मिश्रा, आरक्षक अम्बिका मरावी, नंदकिशोर राजवाड़े, उमेश सिंह व महिला आरक्षक मुनेश्री पैंकरा सक्रिय रहे।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने मीडिया मॉनीटरिंग सेल व कन्ट्रोल रूम का किया औचक निरीक्षण

क्यूँ न लिखूँ सच
प्रेमचंद जायसवाल

श्रावस्ती। जिला निर्वाचन अधिकारी कृतिका शर्मा ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल, निर्विघ्न, निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट स्थित ई0ओ0सी0 कक्ष में स्थापित मीडिया सर्टीफिकेशन एण्ड मानिटरिंग सेल (एम0सी0एम0सी0) एवं जिला सम्पर्क केन्द्र/कन्ट्रोलरूम का औचक निरीक्षण कर जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिया कि प्रिन्ट / इलेक्ट्रानिक मीडिया, रेडियो में पेड न्यूज एवं विज्ञापन आदि के प्रकाशन प्रसारण पर व्यापक निगरानी रखी जाए, जिससे राजनैतिक दल, घोषित प्रत्याशियों अथवा उनके समर्थकों द्वारा सोशल मीडिया (विकीपीडिया, ट्वीटर (एक्स), यूट्यूब फेसबुक आदि) पर किसी भी प्रकार का राजनैतिक विज्ञापन का प्रचार बिना अनुमति के नहीं किया जा सकता है। बिना अनुमति के प्रचार-प्रसार करने पर उसे आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन माना जायेगा। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन में सम्बन्धित के खिलाफ भारतीय दण्ड संहिता के सुसंगति प्रावधानों के अनुरूप वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। जिला सम्पर्क केन्द्र के निरीक्षण के दौरान सहायक नोडल अधिकारी को निर्देश दिया कि कन्ट्रोलरूम में आने वाली सभी शिकायतों को सूचीबद्ध किया जाए तथा उनका समय सीमा के अन्तर्गत निराकरण भी सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने सी-विजिल ऐप एवं एम0सी0सी0 (आदर्श आचार संहिता) ऐप के बारे में जानकारी ली। उन्होने कहा कि ऋसी-विजिलऋ ऐप से प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता से निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। निरीक्षण के दौरान सहायक नोडल अधिकारी/उपायुक्त उद्योग वी0के0 चौधरी सहित सभी सम्बन्धितअधिकारीगण एवं ड्यूटी पर तैनात रहे।



# छुरा ( चाकू ) लहराने वाले आरोपी को चौकी मोहरसोप पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही कर किया गिरफ्तार

क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर। चौकी मोहरसोप पुलिस ने रोड़ पर छुरा (चाकू) लहराकर लोगो को धमकाने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही किया है। उप पुलिस महानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री एम.आर.आहिरे (भा.पु.से.) ने जिले के थाना-चौकी प्रभारियों को माहौल खराब करने वालों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए है। इसी कड़ी दिनांक 29.03.2024 को चौकी मोहरसोप पुलिस को सूचना मिला कि ग्राम खोहिर में रोड़ में एक व्यक्ति लोहे का छुरा (चाकू) हाथ में लेकर लहराते हुए राह चलते लोगों को धमकी देकर भयभीत कर रहा है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो व एसडीओपी ओड़गी राजेश जोशी के मार्गदर्शन में चौकी मोहरसोप की पुलिस फौरन मौके पर पहुंची और देवशरण खैरवार पिता गोपीचंद उम्र 19 वर्ष ग्राम खोहिर को घेराबंदी कर पकड़ा और छुरा (चाकू) जप्त कर धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार किया है। इस कार्यवाही में चौकी प्रभारी मोहरसोप कमलेश पाठक, प्रधान आरक्षक सुंदर लाल, आरक्षक मनोज जायसवाल, विनोद टोप्पा व कमलेश गुर्जर सक्रिय रहे।



# यूपी में खत्म होता माफिया राज: विकास दुबे से अतीक और मुख्तार तक, कैसे एक के बाद एक कुख्यात अपराधी हो रहे ढेर

उत्तर प्रदेश में एक के बाद एक कुख्यात अपराधी, माफिया या डॉन का खात्मा हो रहा है। मुख्तार अंसारी की बीती रात मौत हो गई। जिसके बाद पूरे प्रदेश में धारा 144 लागू करने के साथ ही अलर्ट जारी कर दिया है।उत्तर प्रदेश की बांदा जेल में बंद माफिया मुख्तार अंसारी की गुरुवार देर रात हार्ट अटैक से मौत हो गई। मुख्तार की मौत के बाद पूरे उत्तर प्रदेश में अलर्ट जारी कर दिया है वहीं एक साल पहले ही माफिया अतीक अहमद की भी गोली मारकर हत्या कर दी थी। कई जिलों में धारा 144 लागू कर दी गई है। बीते पांच सालों में कई ऐसे मामले सामने आ चुके हैं, जिसमें किसी की हत्या हो गई, कोई मुठभेड़ में ढेर हो गया तो कई बीमारी की वजह से मर गया। पश्चिमी यूपी के अपराधी संजीव माहेश्वरी उर्फ जीवा की भी बीते दिनों गोली मारकर हत्या कर दी गई। अतीक-अशरफ की सरेआम हत्या-उत्तर प्रदेश के सबसे बड़े माफियाओं में से एक अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ को रिमांड में लेकर यूपी एसआईटी पूछताछ कर रही थी। नियम के मुताबिक हर रोज दोनों का मेडिकल भी होता था। 15 अप्रैल की रात भी मेडिकल कराने के लिए पुलिस की टीम दोनों को लेकर अस्पताल पहुंची। यहां पहले से मौजूद मीडियाकर्मियों ने उन्हें घेर लिया। अतीक और असर मीडिया के सवालों का जवाब दे रहे थे। इस बीच, मीडियाकर्मी बनकर पहुंचे तीन हमलावरों ने दोनों पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। एक के बाद एक कई राउंड फायरिंग की और मौत के घाट उतार दिया। कुख्यात बदमाश विकास दुबे का एनकाउंटर- तीन जुलाई 2020 को कानपुर के बिकरू गांव में पुलिस की टीम कुख्यात बदमाश विकास दुबे को पकड़ने गई। इसी बीच विकास दुबे और उसगे गुर्गों ने पुलिस टीम पर हमला कर दिया। इसमें आठ पुलिसकर्मी शहीद हो गए। विकास दुबे और उसके गुर्गे फरार हो गए। पुलिस ने विकास के तीन सहयोगियों का एक के बाद एक एनकाउंटर किया। इसके बाद विकास दुबे को नौ जुलाई 2020 को उज्जैन महाकाल से गिरफ्तार कर लिया गया। यूपी की पुलिस उसे वापस कानपुर ला रही थी। इस बीच, गाड़ी पलट गई। पुलिस के मुताबिक, विकास दुबे ने पुलिसकर्मी का बंदूक छीनकर भागने की कोशिश की। इसी बीच, पुलिस ने उसका एनकाउंटर कर दिया। संजीव माहेश्वरी उर्फ जीवा की गोली मारकर हत्या- लखनऊ के सिविल कोर्ट में पश्चिमी यूपी के अपराधी संजीव माहेश्वरी उर्फ जीवा की बुधवार को गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस घटना ने एक बार फिर से अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की हत्या की चर्चा छेड़ दी है। ऐसा नहीं है कि केवल इन्हीं तीनों बदमाश का ऐसा हश्र हुआ है। पिछले पांच साल में यूपी के अंदर ऐसे कई मामले सामने आ चुके हैं, जिनमें कुख्यात अपराधियों की न्यायिक हिरासत में हत्या हो गई। आज हम ऐसे ही पांच कुख्यात अपराधियों की कहानी बताएंगे। मुन्ना बजरंगी की जेल में मौत- मुन्ना बजरंगी के नाम से एक समय पूरा यूपी कांपता था। लेकिन इस माफिया का अंत भी उसी तरह हुआ। मुन्ना को 2018 में बागपत जेल के अंदर गोलियों से भून दिया गया था। मुन्ना का पूरा नाम प्रेम प्रकाश सिंह था। मुन्ना बजरंगी का जन्म 1967 में उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले के पूरेदयाल गांव में हुआ था। मुन्ना को हथियार रखने का बड़ा शौक था। वह फिल्मों की तरह एक बड़ा गैंगेस्टर बनना चाहता था। 17 साल की उम्र में ही उसके खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था। जौनपुर के सुरेही थाना में उसके खिलाफ मारपीट और अवैध असलहा रखने का मामला दर्ज किया गया था। 1984 में मुन्ना ने लूट के लिए एक व्यापारी की हत्या कर दी। इसके बाद उसने जौनपुर के भाजपा नेता रामचंद्र सिंह की हत्या करके पूर्वांचल में अपना दबदबा बनाया। पूर्वांचल में अपनी साख बढ़ाने के लिए मुन्ना बजरंगी 90 के दशक में पूर्वांचल के बाहुबली माफिया और राजनेता मुख्तार अंसारी के गैंग में शामिल हो गया। पूर्व भाजपा विधायक कृष्णानंद राय हत्याकांड में भी मुन्ना बजरंगी का नाम था। इस हत्याकांड के बाद से ही मुन्ना मोस्ट वॉन्टेड बन गया था। 29 अक्तूबर 2009 को दिल्ली पुलिस ने मुन्ना को मुंबई के मलाड इलाके में नाटकीय ढंग से गिरफ्तार कर लिया था। तब से उसे अलग अलग जेल में रखा जा रहा था। 2018 में उसे झांसी से बागपत जेल में शिफ्ट किया गया, जहां उसी साल जेल में ही गोलियों से भूनकर हत्या हो गई। जेल में मुख्तार के करीबी को मार डाला- मई 2021 की बात है। चित्रकूट जेल में कई कुख्यात बदमाश बंद थे। इन्हीं में बाहुबली माफिया मुख्तार अंसारी का करीबी मेराज और पश्चिमी यूपी का गैंगस्टर मुकीम काला भी था। मुन्ना बजरंगी की हत्या के बाद मेराज ही मुख्तार का सबसे खास आदमी था। 2021 में मेराज-मुकीम के ही जेल में गैंगस्टर अंशु दीक्षित बंद था। अंशु ने मौका मिलते ही मेराज और मुकीम पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसानी शुरू कर दी। गैंगवार हुआ। मेराज और मुकीम की मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद पुलिस ने अंशु दीक्षित का भी जेल के अंदर ही एनकाउंटर कर दिया। यूपी के माफियाओं की क्राइम फाइल के आंकड़े- जानकारी के लिए बता दें कि उत्तर प्रदेश सरकार के आंकड़े बताते हैं कि 2017 से अब तक कुल 10,720 एनकाउंटर हो चुके हैं। इनमें अतीक अहमद के बेटे असद अहमद, उसके गुर्गे गुलाम, अरबाज और उस्मान चौधरी जैसे 190 बदमाश ढेर हो चुके हैं। पिछले छह साल की बात करें तो बीते वर्ष पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ का आंकड़ा सबसे कम रहा है। पांच साल का रिकॉर्ड- साल 2018 में सर्वाधिक 41 अपराधी मारे गए - साल 2017 में 28 साल 2019 में 34 साल 2020 में 26 साल 2021 में 26 साल 2022 में 14 साल 2023 में अब तक 11 बदमाश मारे गए हैं। बीते छह वर्ष में पुलिस मुठभेड़ में 23 हजार से ज्यादा अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। एनकाउंटर के दौरान 12 पुलिसकर्मी शहीद और 1400 घायल हुए हैं।



## संक्षिप्त समाचार

### कॉलेज की आवास योजना लाभार्थियों के लिए बनी सोना

क्यूँ न लिखूँ सच-घनश्याम प्रसाद शर्मा

कॉलेज में एससी एसटी के विद्यार्थियों को पढ़ने के लिए शासन द्वारा कॉलेज के समक्ष रहने के लिए साल में?12000 दिए जाते हैं जो की छात्र फर्जी तरीके से किरायानामा बनवाकर इस राशि को अपने खाते में प्राप्त कर लेते हैं लाभार्थी के अलावा वह जिन पंचायत के होते हैं वहां के सरपंच एवं सचिव फर्जी दूरी प्रमाण पत्र भी जारी कर देते हैं शासन के नियम अनुसार कॉलेज से 11 किलोमीटर की दूरी की छात्र इस योजना का लाभ ले सकते हैं लेकिन आज के समय में जो 4 से 6 किलोमीटर या 8 किलोमीटर तक की दूरी की है बहा के सरपंच या सचिव फर्जी दूरी प्रमाण पत्र जारी कर देते हैं साथ ही साथ किरायानामा या तो रिश्तेदार कहां का होता है या तो फिर परिचित का होता है जिनकी खुद के रहने के लिए मकान नहीं है वह अपनी आईडी देकर किराया नामा बनवा देते क्या शासन का पैसा फर्जी तरीके से लिया जा सकता है यही देखने को मिल रहा है देवेंद्रनगर में पड़ने वाले विद्यार्थियों से जुड़े हुए ग्रामों की जो विद्यार्थी भी इस योजना से वंचित नहीं है जो फर्जी तरीके से गुखौर ,फुलवारी बड़ागांव, श्यामरडडा, डडबरिया एवं अन्य गांव शामिल है जिनकी दूरी 4 से 9 किलोमीटर के अंदर है लेकिन यह फर्जी तरीके से इस योजना का लाभ ले रहे हैं जबकि इस योजना का लाभ फर्जी तरीके से बीते वर्षों से ली जा रही है अगर जांच का होती हैं तो शासन को कई लाखो का चूना लगा नजर आयेगा



### फर्जी खतौनी बनाकर बैंक से रूपये निकालने वाले आरोपी को 05 वर्ष का साधारण कारावास व 45,00/- रू0 का अर्थदण्ड

क्यूँ न लिखूँ सच-अरविन्द कुमार यादव

श्रावस्ती विदित है कि महत्वपूर्ण व चिन्हित अभियोगों में अपराधियों को सजा दिलाने के लिए पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 लखनऊ महोदय द्वारा प्रदेश स्तर पर ऑपरेशन कनविक्शन अभियान चलाया जा रहा है। जिसकी मॉनिटरिंग अपर महानिदेशक गोरखपुर जोन / पुलिस उपमहानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र महोदय द्वारा भी की जा रही है। इसी अभियान को सफल बनाने के लिए पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया द्वारा स्वयं महत्वपूर्ण और चिन्हित अभियोगों का पर्यवेक्षण किया जा रहा है और निरंतर इन महत्त्वपूर्ण व चिन्हित मुकदमों में प्रभावी पैरवी कर अभियोग में त्वरित निस्तारण व अभियुक्तों को सजा दिलाने हेतु सम्बन्धित थाना प्रभारी व पैरोकारों को निर्देशित भी किया है। श्रावस्ती पुलिस अधीक्षक द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में मॉनिटरिंग सेल व विशेष लोक अभियोजक, संयुक्त निदेशक अभियोजन, शासकीय अधिवक्ता तथा कोर्ट पैरोकार के अथक प्रयास एवं की गई प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद श्रावस्ती ने थाना सोनवा पर पंजीकृत मु0अ0सं0 153/2000 धारा 419,420,467,468,471 भादवि बनाम झब्बर खाँ पुत्र सुबेदार खाँ निवासी सेहरिया पोस्ट महरू मुर्तिहा थाना मल्हीपुर जनपद श्रावस्ती को धोखा देकर फर्जी खतौनी बनाकर बैंक से 19,800/- रू0 निकालने के सम्बन्ध में धारा उपरोक्त का दोषी पाते हुए 05 वर्ष का साधारण कारावास व 45,00/- रू0 का अर्थदण्ड से दण्डित किया।

### क्षेत्राधिकारी जमुनहा ने रिजर्व पुलिस लाइन में पहुंचकर साप्ताहिक परेड की सलामी ली एवं दिए आवश्यक दिशा निर्देश

क्यूँ न लिखूँ सच-प्रेमचंद जायसवाल


श्रावस्ती क्षेत्राधिकारी जमुनहा सतीश कुमार शर्मा ने रिजर्व पुलिस लाइन में पहुंचकर परेड की सलामी ली एवं शारीरिक एवं मानसिक रूप से फिट रहने के लिए परेड की दौड़ लगवाई। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक ने रिजर्व पुलिस लाइन में बने क्वार्टर गार्द, जीडी कार्यालय, कैश कार्यालय, शस्त्रागार, परिवहन शाखा, डीसीआर शाखा, मालखाना स्टोर, आरक्षी बैरक तथा पुलिस लाइन आवास के आस-पास साफ-सफाई एवं स्वच्छता हेतु विशेष ध्यान देने हेतु प्रतिसार निरीक्षक को निर्देशित किया। इसी क्रम में पुलिस उपाधीक्षक ने आदेश कक्ष में पहुंचकर गार्द रजिस्टरों को चेक किया तथा गार्द की सुरक्षा ड्यूटी के संबंध में सभी गार्द कमांडरों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# टिप्पणीकार दास बोले- नरसिम्हा राव और मनमोहन सिंह 1991 में आर्थिक सुधार लाए, कांग्रेस नहीं

गुरचरण दास ने कहा कि लोगों को सुधारों के बारे में नहीं बताने का पाप आज भी जारी है। नरसिम्हा राव के बाद के प्रधानमंत्रियों ने सुधार तो जारी रखा, लेकिन उसके बारे में लोगों को नहीं बताया। जाने-माने लेखक और टिप्पणीकार गुरचरण दास ने कहा कि प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव और तत्कालीन वित्त मंत्री मनमोहन सिंह थे, जो 1991 में आर्थिक सुधार लाए थे, न कि कांग्रेस पार्टी। दास ने यह बात अपनी पुस्तक %द डायलमा ऑफ एन इंडियन लिबरल% के विमोचन के मौके पर कही। दास ने कहा कि भारत ने जो गलती 1991 में की थी, वह अभी जारी रखे हुए है और वह गलती चुपके-चुपके सुधार करने और जनता के बीच उसका प्रचार नहीं करना है। उन्होंने कहा, हम चुपके-चुपके सुधार कर रहे थे। इसका कारण यह था कि नरसिम्हा राव, मनमोहन सिंह और उनके आसपास के लोग इसको लेकर अपनी पार्टी को ही नहीं समझा पाए थे। इसलिए यह कांग्रेस पार्टी नहीं थी जिसने सुधार किए। वास्तव में कांग्रेस राव से इतनी नाराज हो गई कि उन्हें बाहर निकाल दिया। पूर्व ब्रिटिश पीएम थैचर का दिया उदाहरण- अपनी बात को साबित करने के लिए, दास ने पूर्व ब्रिटिश प्रधानमंत्री मार्गरेट थैचर का उदाहरण दिया। उन्होंने बताया कि कैसे थैचर अपना 20 प्रतिशत समय सुधारों में और 80 प्रतिशत समय सुधारों के बारे में लोगों को बताने में लगाती थीं। पूर्व पीएम राव और कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार में उनके वित्त मंत्री मनमोहन सिंह के नेतृत्व में लाए गए 1991 के ऐतिहासिक आर्थिक सुधारों ने भारत की स्थिति को एक बंद और नियंत्रित अर्थव्यवस्था से एक खुली और उदारीकृत अर्थव्यवस्था में बदल दिया। किसी पीएम ने सुधारों का प्रचार नहीं किया- दास ने कहा कि लोगों को सुधारों के बारे में नहीं बताने का पाप आज भी जारी है। नरसिम्हा राव के बाद के प्रधानमंत्रियों ने सुधार तो जारी रखा, लेकिन उसके बारे में लोगों को नहीं बताया। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी रहे हों या यूपीए सरकार में पीएम रहे मनमोहन सिंह। यहां तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी इसके लिए जरूरी प्रचार नहीं कर रहे हैं। सुधार के बारे में सही तस्वीर पेश नहीं किए जाने से सुधार को लेकर आमतौर पर लोगों के बीच यह धारणा है कि यह अमीर को और अमीर और गरीब को और गरीब बनाता है। लोग अब भी बाजार समर्थक सुधार और व्यवसाय समर्थक सुधार में अंतर नहीं कर पाते।



# संदिग्ध परिस्थितियों में मिली लाश नथ्थू राजा उर्फ नागेंद्र सिंह के रूप में हुई पहचान परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

क्यूँ न लिखूँ सच
घनश्याम प्रसाद शर्मा



देवेंद्र नगर- सलेहा थाना सलेहा अन्तर्गत लमकुश निवासी नागेंद्र सिंह ( नथ्थू राजा ) पिता इन्द्रपाल सिंह उम्र 36 वर्ष 25 मार्च परीवा होली पर्व को दोपहर 12 बजे अपने निज निवास लमकुश से सुपर स्प्लेंडर मोटर साइकिल से निकले थे मिली जानकारी के अनुसार नथ्थू राजा को 3.4 बजे आस पास के क्षेत्र में देखा गया था 25 मार्च की रात्रि लगभग 9.30 बजे सिद्धांत नाथ निकटतम बिल्हा गांव में लगे बिजली के ट्रांसफार्मर के निकटतम खड़े दतुनहा निवासी लोधी समाज के एक व्यक्ति से समान्य बात चीत होना बताया गया इसके बाद नथ्थू राजा की कहीं भी जानकारी नहीं मिली परिजनों ने उनके मोबाइल फोन पर बात करने की कोशिश कि मगर फोन किसी ने रिसीव नहीं किया परिजनों ने खूब तलाश की मगर नथ्थू राजा का कोई पता नहीं चला तब 26 मार्च को लगभग 12 बजे परिजनों ने नथ्थू राजा की थाना सलेहा में गुमशुदगी की शिकायत की पुलिस ने जानकारी के बाद मोबाइल लोकेशन से प्राप्त कर 25, मार्च को 11.50 रात्रि तक मोबाइल चालू होना बताया जिसका लोकेशन अशोनी टाबर बताया जा रहा था इसी दरमियान 28 मार्च को 10 बजे किसी लमकुश गांव के निकटतम व्यक्ती ने परिजनों को मृतक नथ्थू राजा जानकारी दी सलेहा से पवई सड़क मुख्य मार्ग लमुकश मोड़ निकटतम राजा ढाबा एवं कर्ण सिंह ढाबा के बीच बनी मुख्य मार्ग की पुलिया के नीचे नथ्थू राजा मृत अवस्था में लाश पाईं गईं हैं मृतक सहित मोटरसाइकिल भी पुलिया के नीचे पाईं गईं मृतक की सूचना मिलने पर सलेहा पुलिस सागर पुलिस एफएसएल डॉग स्क्वाड घटना स्थल पर विवेचना की जहां मृतक के घटना स्थल की विडियो फोटोग्राफी भी की गई क्षेत्र में इस खबर की सूचना मिलते ही हजारों की संख्या में जन शैलाब घटना स्थल पर देखा गया की अगर दुर्घटना हैं तो मृतक का पूरा शरीर पुलिया के अंदर कैसे पहुंचा केवल आधे पैर छोटी सी ढोला वाली पुलिया से बाहर निकले थे पूरा शरीर ढोला वाली पुलिया में अंदर था और मोबाइल पुलिया के ऊपरी हिस्से में रखा था जब मृतक नथ्थू राजा का शरीर पुलिस एफएसएल डॉग स्क्वाड थाना प्रभारी सलेहा ने जांच पड़ताल के बाद मृतक के शरीर को बाहर निकाला तो देखा गया की चेहरा एक दम काला था रंग लगाने जैसे प्रतीत हो रहा था और चेहरा एक दम कुचला था ओंठो चेहरे में पत्थर एवं अन्य किसी कठोर वस्तु से कुचला प्रतीत हो रहा था एवं एक आंख फूटी हुईं थीं मोटर साइकिल के पार्ट के कुछ हिस्से पुलिया के ऊपर टूटें पड़े थे तो मोटर साइकिल के पार्ट एवं मोबाइल का ऊपरी हिस्से में पाएं जाना सनसनी खेज मामला प्रतीत होता है एवं दुर्घटना अगर होती तो पुलिया के नीचे खेत में मृतक का शरीर पाया जाता पुलिया के नीचे जब की बेशरम झाड़ी लगी हुई है। पुलिया की गहराई लगभग दस फिट होगी की पुलिया के ढोला के अंदर मृतक का पूरा शरीर दुर्घटना में कैसे पहुंच सकता है यह संदिग्ध प्रतीत होता है और जब पुलिस ने मृतक के कपड़े उतारें तो कमर एवं पेट में ऊपर नील यानी चोट के नीशान थे हलाकी यह पुलिस की जांच में पता चलेगा की हत्या है या दुर्घटना मगर घटना स्थल पर पहुंचे परिजनों रिस्तेदारो एवं क्षेत्र के अन्य लोगो ने हत्या का संदेह जताया है मृतक के परिवार मे शोक का मातम है गांव श्रेत्र मे हड़कंप जैसा माहौल है दुर्घटना एवं हत्या यह क्षेत्र में चर्चा का विषय है परिजनों ने पूर्ण रूप से हत्या का संदेह जताया है देखना यह हैं पुलिस कब-तक इस मामले की गुत्थी सुलझा कर मामले का खुलासा करती है मृतक के शव का डाक्टरों के संयुक्त दल द्वारा पोस्टमार्टम किया गया है इसके बाद मृतक नथ्थू राजा का शब परिजनों को सोपा गया

# एसपीस गेस्ट हाउस में होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन,जमकर उड़ा अबीर गुलाल

क्यूँ न लिखूँ सच




एटा - विकासखंड अलीगंज क्षेत्र के मैनपुरी रोड स्थित एसपीएस गेस्ट हाउस में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया।जहां सांसद मुकेश राजपूत और क्षेत्रीय विधायक सत्यपाल सिंह राठौर ने कार्यकर्ताओं,बूथ अध्यक्ष व ग्रामीणों के साथ जमकर अबीर गुलाल उड़ाया और एक दूसरे को रंगों के उत्सव होली की शुभकामनाएं दी।साथ ही बूथ अध्यक्षों को फूल मलाये पहनाकर सम्मानित किया। सांसद मुकेश राजपूत ने कहा,कि यह त्यौहार बसंत के आगमन और सर्दियों के अंत का प्रतीक के साथ होली पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का उत्साह मनाने का पर्व है।

होली पर्व पर लोग एक दूसरे के गले मिलकर गिले शिकवे दूर कर एक दूसरे को प्रेम से रंग गुलाल लगाकर प्रेम और भाईचारे का संदेश देते हैं।विधायक सत्यपाल सिंह राठौर ने सभी कार्यकर्ताओं,बूथ अध्यक्षों व क्षेत्रीय लोगों को होली पर्व की शुभकामनाएं दी और कहा कि होली पर्व सिर्फ रंगों का पर्व नहीं है बल्कि जो आपस में मतभेद हैं उनको दूर कर एक होने का पर्व है। होली मिलन समारोह कार्यक्रम में सभी वर्ग के लोगों ने शिरकत की और एक दूसरे के अबीर गुलाल लगाकर गुजियों का लुफ्त उठाया।कार्यक्रम में बूथ अध्यक्षों को फूल मनाएं पहनाकर उनको भी सम्मानित किया गया।इस अवसर पर सांसद मुकेश राजपूत, क्षेत्रीय विधायक सत्यपाल सिंह राठौर, भाजपा जिला महामंत्री आशीष राजपूत, ब्लॉक प्रतिनिधि डॉ. अशोक रतन शाक्य,चेयरमैन प्रतिनिधि बॉबी गुप्ता,सूरज राठौर,जीतू राठौर, रामबाबू सिंह राठौर,दिनेश गुप्ता, आमोद आर्य, प्रदीप गुप्ता, नीलेश राजपूत, शिवम कश्यप, विजय राठौर, बृजेश राठौर, राघवेंद्र गुप्ता,मनोज राठौर( पूर्व सभासद ),बिट्टू राठौर,भानु राठौर के साथ साथ समस्त कार्यकर्ता, बूथ अध्यक्ष सहित क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे

# साइबर क्राइम पुलिस के प्रयास से पीडितों से ठगे गए रूपए हुऐ वापिस

क्यूँ न लिखूँ सच

एटा - वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह तथा अपर पुलिस अधीक्षक अपराध योगेन्द्र सिंह के निर्देशन में तथा क्षेत्राधिकारी सदर अमित राय के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में साइबर अपराध पर प्रभावी नियंत्रण बनाए रखने के परिदृश्य चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना साइबर क्राइम द्वारा आनलाइन ठगी का शिकार हुए शिकायतकर्ता धर्मेन्द्र कुमार पुत्र स्व0 शंकरलाल निवासी सिन्धी कॉलोनी थाना कोतवाली नगर ने प्रार्थना के माध्यम से अवगत कराया कि शिकायतकर्ता के पास अज्ञात कॉलर द्वारा कॉल कर बताया गया कि उसे अपने एक प्रोग्राम में टेंट लगवाना है कितना खर्चा आयेगा आदि




जानकारी लेकर बोला कि आपके यूपीआईडी पर पेमेंन्ट डाल रहा हूँ उसे स्वीकार कर लो। इस तरह झांसे में लेकर कुल 17998 रुपये का फाड कर लिया गया है । एवं गौरव गुप्ता पुत्र अशोक कुमार निवासी आर्य नगर शिवगंज थाना कोतवाली नगर ने प्रार्थना के माध्यम से अवगत कराया कि शिकायतकर्ता के पास अज्ञात व्यक्ति द्वारा फोन करके बताया कि शर्मा बोल रहा हूँ मैं तुम्हारे खाता में 20000 रुपये डलवा रहा हूँ ऐसा कहकर उपरोक्त व्यक्ति द्वारा शिकायतकर्ता के पास फर्जी मेसेज 25000 रुपये का भेज दिया था तो इसी प्रकार 20000 रुपये का फ्राड फ्राड कर लिया गया है। क्षेत्राधिकारी सदर द्वारा थाना साइबर क्राइम की टीम को प्रकरण की जांच कर शिकायतकर्ताओं की समुचित मदद करने हेतु निर्देशित किया गया। थाना साइबर क्राइम द्वारा मामले की गंभीरता से जांचकर त्वरित व लाभप्रद कार्यवाही करते हुए तथा सम्बन्धित बैंक व मर्चेन्ट गेट-वे को ई-मेल व जरिये मोबाइल सम्पर्क करते हुये शिकायतकर्ता धर्मेन्द्र कुमार की 17998 रुपये की पूर्ण धनराशि व शिकायतकर्ता गौरव गुप्ता की 20000 को पीडित के खाता में वापस कराया गया है। संदिग्ध मोबाइल नम्बर व खातों को त्वरित ब्लाक कराया गया है। अपने पैसे वापस पाकर शिकायतकर्ताओं द्वारा एटा पुलिस को धन्यवाद देते हुए भूरि भूरि प्रशंसा की गई है।

# ढ़ाबा से 17 किलो मादक पदार्थ डोडा, 66 लीटर महुआ शराब व 12 पाव अंग्रेजी शराब जप्त कर थाना चंदौरा पुलिस ने 1 आरोपी को किया गिरफ्तार

क्यूँ न लिखूँ सच




सूरजपुर- उप पुलिस महानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री एम.आर.आहिरे ( भा.पु.से. ) के निर्देशन में थाना-चौकी की पुलिस नशे के कोराबार से जुड़े लोगों के विरूद्ध लगातार कड़ी कार्यवाही करने में लगी हुई है। इसी परिप्रेक्ष्य में दिनांक 28.03.2024 को थाना चंदौरा पुलिस को मुखबीर से सूचना मिला कि काबेरी ढ़ाबा के संचालक अजय कुमार ग्राम घाट पेण्डारी अपने ढ़ाबा स्टोर रूम और काउन्टर टेबल के पास अवैध मादक पदार्थ डोडा एवं शराब रखकर ढ़ाबा में आने-जाने वालों को बिक्री कर रहा है। सूचना मिलने के फौरन बाद थाना चंदौरा पुलिस काबेरी ढ़ाबा पहुंची जहां विधि के अनुसार मुस्तैदी से ढ़ाबा की घेराबंदी कर ढ़ाबा की तलाशी ली गई जहां से 17 किलो मादक पदार्थ डोडा जिसकी बाजारू कीमत करीब 1 लाख रूपये, पानी बॉटल व प्लास्टिक के जरकिन में रखा 66 लीटर महुआ शराब कीमत 9900 रूपये तथा 12 पाव गोवा विस्की अंग्रेजी शराब कीमत 1440 रूपये कुल कीमत 1 लाख 11 हजार 340 रूपये का जप्त कर धारा 15 एनडीपीएस एक्ट तथा 34( 2 ) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर आरोपी अजय कुमार पिता रामाशंकर यादव उम्र 42 वर्ष निवासी घाटपेण्डारी थाना चंदौरा को गिरफ्तार किया गया। कार्यवाही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो व एसडीओपी प्रतापपुर अरूण नेताम के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी चंदौरा प्रदीप सिदार, एएसआई हीरालाल साहू, प्रधान आरक्षक शैलेष सिंह, राहुल गुप्ता, रामाधीन श्यामले, अनिल कुजूर, महेन्द्र पटेल, उदय सिंह, आरक्षक सोहर सिंह, प्रवीण मिश्रा, रविन्द जायसवाल व अनिरूद्ध पैंकरा सक्रिय रहे।

## संक्षिप्त समाचार

# आरक्षी को जान से मारने की नीयत से टक्कर मारकर भागने वाला अवैध पिस्टल सहित गिरफ्तार

क्यूँ न लिखूँ सच

एटा - जनपद में सुदृण कानून व्यवस्था बनाए रखने के परिदृश्य वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक धनन्जय सिंह कुशवाहा के निकट पर्यवेक्षण में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना कोतवाली नगर के प्रभारी निरीक्षक अरूण पंवार द्वारा गत गुरूवार को चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त सुनील सिंह पुत्र खडग सिह नि0 कनिकपुर थाना बागवाला द्वारा स्विफ्ट कार से ड्यूटी पर तैनात आरक्षी को टक्कर मारकर भागने का प्रयास किया गया, जिसमें अन्य पुलिस बल द्वारा अभियुक्त सुनील उपरोक्त को एक अवैध पिस्टल व 19 जिन्दा कारतूस ( 7.65 बोर ) तथा घटना में प्रयुक्त स्विफ्ट कार के साथ गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध थाना कोतवाली नगर पर मुअसं0-140/2024 धारा 332,353,307 भादवि0 व 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर थानास्तर से आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा जा रहा है ! प्रकाश में आए अभियुक्त विक्रम यादव ताहर सिंह नि0 ग्राम सुल्तानपुर थाना जैथरा की सुरागरशी जारी है



# जुआ खेलते हुये तीन जुआरियों को 9800 रूपये नगद एवं 52 ताश पत्तों सहित किए गया गिरफ्तार

क्यूँ न लिखूँ सच

एटा - वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह के निर्देशन में अवैध जुआ/सट्टा के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा जुआ खेलते हुए तीन जुआरियों को 9800 रूपये नगद व 52 ताश के पत्ते सहित गिरफ्तार किया गया है। गिरफ़्तार अभियुक्तगण शेर मुहम्मद पुत्र आलमशेर, ललित पुत्र बाबूराम,आकाश पुत्र सत्यप्रकाश निवासी मरथरा के विरुद्ध थाना कोतवाली देहात पर मु0अ0स0-102/2024 धारा 13 जी एक्ट पंजीकृत कर थानास्तर से आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करते हुऐ जेल भेजा जा रहा है !



# वसायिक एवं स्कूली वाहन स्वामी अपने वाहनों की फिटनेस ठीक एवं कर जमा कराएं

क्यूँ न लिखूँ सच

एटा - उप जिला निर्वाचन अधिकारी आयुष चौधरी ने सूचित किया है जनपद में पंजीकृत ऐसे समस्त व्यवसायिक,स्कूली वाहन जिनकी फिटनेस समाप्त है अथवा कर आदि जमा नहीं है। उनके स्वामी, प्रबन्धक, संचालकों को निर्देशित किया जाता है कि वे उक्त प्रकार की समस्त वाहनों को कर आदि जमा कर फिटनेस तथा अन्य तकनीकी, भौतिक रूप से फिट करा लें। लोकसभा सामान्य निर्वाचन.2024 के प्ररिप्रेक्ष्य में सफल निर्वाचन हेतु आवश्यक वाहन व्यवस्था के अन्तर्गत उक्त प्रकार की वाहनों की आवश्यकता के साथ लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 160 के अन्तर्गत अधिग्रहण किया जाना है। अतः उक्त प्रकार की वाहनों को प्रत्येकदशा में फिट करना सुनिश्चित करें। अन्यथा की स्थिति में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 में सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत विधिक कार्यवाही कर दी जायेगी।

# दोनों बहनें रख रहीं हैं पूरे रोज़े, पढ़तीं हैं, पांचों समय की नमाज़

रिठौरा ।नगर के भोजीपुरा मार्ग स्थित मोहल्ला जवाहर नगर क की गृहणी मां शहनाज़ सब्जी विक्रेता पिता असलम अंसारी की धार्मिक प्रवृत्ति का असर उनके मासूम बच्चों पर खूब हुआ उसी के फलस्वरूप मासूम बेटी शाहिदा नूर,9 सायरा नूर 7 रमज़ान रखकर पांचों समय की नमाज़ अदा कर रहीं हैं। बच्चियां अपने घर -परिवार तथा मुल्क की तरक्की की कमाना करती हैं।



दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
www.knlslive.com
30 March 2024


# Reused Cooking Oil: Do you love your heart and mind? So never use oil again

In eating out, food is often cooked by reheating the same oil. Eating food deep fried in reused oil can cause great harm to health and cause damage to the liver and brain. Let us know how reused oil can cause brain and liver related diseases. Reusing used oil for cooking can cause brain related diseases. Due to this, fatty liver and other liver related diseases can also occur. Reusing oil also harms cardiometabolic health. We often eat many things in which oil is used. In Indian cuisine, people like to eat fried food like pakodas, puri, bhature etc. with great enthusiasm. In junk food available outside, the same oil is used multiple times, that is, it is reused to save oil. Generally, new oil is not used every time for deep frying dishes like Chole Bhature, French fries. The purpose behind this is to save money by reducing oil consumption, but you may have to pay the price for it with your health. What was found in the study? -A recent study has found that reusing used oil increases the level of neurodegenerative diseases. Neurodegenerative diseases are diseases related to the nervous system. This study was conducted in rats and found that the rats fed reused oil had significantly higher levels of neurodegenerative disease compared to rats fed a standard diet. Why should you not reuse cooking oil? - The reason behind this It was found that use of reused oil could cause disturbances in the liver, brain and gut axis. Many nerves in our gut are directly connected to the brain, hence eating food prepared by repeatedly heating the same oil can cause neurodegenerative diseases. Consuming reused oil increases inflammation and oxidative stress in the liver, due to which brain health is affected. What are the disadvantages?- This study revealed that eating reheated oil significantly increases the levels of cholesterol and triglycerides. Repeated use of cooking oil also increases inflammation, which causes significant damage to the liver and colon. It can also cause heart diseases and metabolic diseases. Reheated oil can prove to be very harmful for the liver due to increase in cholesterol. Due to this, non-alcoholic fatty liver and any other chronic liver disease can also occur. How to take care of liver?- Reusing cooking oil affects the liver the most. Include such things in your diet, which benefit the liver. Also, making healthy changes in lifestyle can also help in keeping the liver healthy. With the help of healthy fats like Omega-3 fatty acids, the liver remains healthy. Besides, it also helps in reducing inflammation. Apart from this, exercise and stay away from alcohol and excessive fried food.




# Know in these ways whether you are in good company or surrounded by negative people.

The company of negative people can affect both your personal and professional life. By living with such people, you also remain sad all the time and are not able to enjoy life. Therefore, it is very important to identify such people and keep distance from them. The company of positive people can help you get out of every problem in life. Have you ever noticed what kind of people are around you? If not, then definitely do it. This is because the company of positive people takes you forward in life, whereas people with negative thinking play with your emotions and trap you in a circle of negativity which only hurts you. People with negative thinking have a different identity, know about it and then act accordingly. Identity of negative people - They remain irritable. All the time they focus only on problems and talk negative things. Never misses a chance to discourage you. They do not appear happy even on happy occasions and find negativity in the smallest things. Positive people are always cheerful and energetic. Instead of focusing on the problem, let's talk about solutions. Focus on listening more than speaking. Keep encouraging you. Keep you happy along with yourself. You enjoy being with them and talking. Ways to stay away from negative people- If there are any negative people around you, then keeping distance from them can be a difficult task, but not impossible. Understand one thing that we become like the company we keep, that is why it is important to stay away from negative people. The measures given here can prove helpful in this. To remove fatigue, it is not necessary to refresh yourself by talking to someone. You can also recharge your mind and body by sitting quietly with your eyes closed for some time. Listen to such stories and anecdotes, which give you positivity. Learn to talk directly, if a person keeps spreading negativity all the time, then tell him in clear words that you do not like to be with him. It may feel a little bad, but you will get relief from this.



# Protein Rich Breakfast: If you like to eat paratha for breakfast, then not potato-cabbage, egg paratha is a tasty and healthy option.

It is advisable to include protein rich foods in breakfast as it keeps the stomach full for a long time. Due to which one does not feel hungry again and again and unhealthy eating can be avoided. Those who want to lose weight should especially include protein in their diet. Today we have brought one such recipe which is very tasty and healthy. Those who want to lose weight should include protein rich things in breakfast. Egg Paratha is a healthy option for breakfast. Eggs are considered to be the best source of protein. Eating it benefits health, hair and skin, so if you too are bored of eating boiled eggs, then today we will tell you how to make Egg Paratha, which is a healthy and tasty option for protein rich breakfast. Which also does not take much time to make. Recipe for making Egg Paratha- Egg Paratha contains many essential nutrients like protein, iron, fiber, which are necessary to keep the body fit. You need- 3 cups wheat flour, 1 teaspoon salt, 2 eggs, 1 teaspoon coriander leaves, half teaspoon garam masala, oil for frying, 1 chopped onion Method- 1. Mix salt, celery, oil in flour and then water. Knead it while adding. Leave to set for 20 minutes. Then make dough and roll the paratha. 2. Beat egg in a bowl. Add onion, coriander leaves, garam masala, light salt and mix. 3. Heat the pan. Put flour rolled paratha on it, apply oil and fry it. 4. With the help of a knife, cut the paratha from the middle. 5. Add the egg mixture into it and press, cook well on both sides. Breakfast is said to be the most important meal of the day. Health experts believe that if you want to remain fit and healthy, then never skip breakfast. To lose weight, you may eat less lunch and dinner, but if you have breakfast properly, then your journey can also be easy. It is especially recommended to include protein rich items in breakfast, because it keeps the stomach full for a long time, which prevents you from feeling hungry again and again and keeps you from overeating.



# The heart-wrenching The Sabarmati Report is based on a true incident, teaser of Vikrant Massey's next film released

Actor Vikrant Massey is in the news these days for his upcoming film The Sabarmati Report. The latest teaser of this movie, inspired by a true incident, has been released which tells the painful story of an accident. Actress Raashi Khanna and Riddhi Dogra are going to be seen in important roles along with Vikrant in the film The Sabarmati Report. The Sabarmati Report Another latest teaser of Vikrant Massey's upcoming movie has been released. Vikrant's movie is based on a true incident. Actor Vikrant Massey, who won the hearts of fans with director Vidhu Vinod Chopra's film 12th Fail, will be seen in the coming time. Will be seen in the film The Sabarmati Report. For the past few days, the actor's name has become a topic of discussion regarding this movie. Meanwhile, another latest teaser of The Sabarmati Report, inspired by the true incident, has been released. It is clearly shown in this teaser that this film is telling a heart-wrenching story of a tragic accident. Let's take a look at this latest teaser of The Sabarmati Report. Another teaser of The Sabarmati Report is out - Some time ago, the announcement video of The Sabarmati Report, to be made under the direction of director Ranjan Chandel, was launched. Since then, the curiosity of fans about this movie has increased a lot. Now their excitement is going to increase even more, because a new teaser of The Sabarmati Report has been released by the makers. The teaser of this film, to be made under producer Ekta Kapoor's Balaji Motion Picture banner, shows the story of the horrific train accident that took place in Gujarat in the year 2002. How media persons played a role in telling the truth of this incident has been clearly shown in the teaser of The Sabarmati Report. Vikrant Massey is present in the role of a news reporter in this movie. Apart from them, South actress Raashi Khanna and Riddhi Dogra will also be seen playing important roles in this film. Overall, this teaser of The Sabarmati Report is considered quite impressive. When will The Sabarmati Report be released - After the release of this teaser, everyone is eagerly waiting for Vikrant Massey's The Sabarmati Report. The Sabarmati will be released on the big screen after a few months on 3rd May 2024.



# A month after marriage, Divya Agarwal broke silence on the news of pregnancy, said- 'I am pregnant after the proposal'

Divya Agarwal had dated seven times with boyfriend Apoorva Padgaonkar on February 20. During the wedding, there was news about Divya Aggarwal that she was pregnant. There were speculations on social media that her baby bump was visible. Now, almost a month after their marriage, the couple has spoken about the rumors of their pregnancy.



Bigg Boss OTT Season 1 winner Divya Agarwal married boyfriend Apurva Padgaonkar on February 20. This couple made each other their life partner as per Marathi customs. There was news about the actress during her wedding day. These days, the couple is enjoying their married life a lot. During the wedding, there was news about Divya Aggarwal that she is pregnant. There were speculations on social media that her baby bump was visible. At the same time, now after almost a month of marriage, this couple has talked about the rumors of their pregnancy. Divya's disclosure on the news of pregnancy - This couple gave in an interview to 'Galata India', Divya's husband Apoorva said, he is planning to propose. Pregnant since. She was not pregnant. I ate a lot during my wedding. Whenever I told Apoorva, he would take me for Pani Puri. Whenever I tell him, he takes me out in the middle of the night to feed me pav bhaji. During this, Divya also told a funny incident. He said when the news of my pregnancy was spreading on social media. So one afternoon Apoorva called me and said, 'You are pregnant and you didn't tell me. The couple has clearly said that there is nothing like that. This is just a rumour. Divya and Apoorva Padgaonkar's love story- Divya and Apoorva's love story is no less than a film story. After the breakup, both met again and became life partners. Divya had dated Apoorva in the year 2015 before Priyank Sharma and Varun Sood. However, at that time due to some reason both of them broke up and the actress moved ahead in her life. After separating from Varun in the year 2022, Divya again held the hand of her ex-boyfriend Apoorva.

# Will Bobby Deol play the role of villain in Alia Bhatt's film? 'Animal' actor will become a part of spy universe

After a long time, Bobby Deol stepped on the big screen with the movie Animal and became famous as soon as he arrived. Everyone liked his character in this movie. Now Bobby's fans are waiting for his new movie. Meanwhile, news is coming that the actor may soon become a part of the YRF Spy Universe film. Alia Bhatt will be with him in this movie. The film 'Animal', directed by Sandeep Reddy Vanga, had a huge craze among the people. As much as the audience liked Ranbir's character in this movie, they also liked Bobby Deol in the role of villain. He surprised everyone with his role of just a few minutes. After this movie, he now has many projects. Now news is coming that the actor may soon become a part of the YRF Spy Universe film. He can be seen with Alia Bhatt in this movie. Bobby Deol gets a big film? Actually, according to a report in Pinkvilla, Bobby Deol has now joined hands with YRF. The actor will be seen opposite Alia Bhatt in the film YRF Spy Universe. According to reports, Bobby Deol has also signed this film and he can be seen playing the role of a villain in this too. When can he start shooting? - According to reports, his paperwork with Bobby Deol has been completed. And the actor can start shooting for it after the second half of 2024 i.e. June. His special look is going to be seen in this film. In such a situation, the actor's fans have become very happy after hearing this news. However, no official confirmation regarding this film has been made yet by Bobby Deol or YRF. Bobby in preparation for Ashram 4 - Apart from films, Bobby Deol is also in the headlines for his famous web series Ashram 4. While talking to Bollywood Hungama, actor Chandan Roy Sanyal had told that the next season of Ashram can be released in the last year of this year.

